हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026

तापमान
अधिकतम 42.5 डिग्री
न्यूनतम 27.8 डिग्री

11 बेलौदी में कै-दस्त का प्रकोप मछली खाने से हुआ...



12 इंदिरा मार्केट में बनेगी मल्टीलेवल पार्किंग...





## सीबीएसई बारहवीं बोर्ड : आयुष के सर्वोच्च 99.90 अंक

# ट्विनसिटी के 92 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीबीएसई) ने बुधवार को बारहवीं बोर्ड के नतीजे घोषित कर दिए। एजुकेशन हब के विद्यार्थियों ने इस बार पिछले साल का रिकार्ड बेहतर कर गौरवान्वित किया है। ट्विनसिटी से इस बार 12वीं में 6767 विद्यार्थी परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

जिसमें से 92 प्रतिशत यानी 6394 विद्यार्थी सफल हुए हैं। पिछले साल वर्ष 2025 में बारहवीं के 89.68 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए थे। इस तरह पिछले साल के तुलना में 2.32 प्रतिशत रिजल्ट में सुधार आया है। बारहवींमें मैथ्स, साइंस और कॉमर्स के विद्यार्थी लगभग बराबरी पर रहे है। 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी ज्यादा है। खास बात यह है कि ट्विनसिटी में डीपीएस भिलाई का छात्र आयुष प्रिया ने सर्वोच्च अंक 99.20 अंक हासिल किया है।

## पिछले साल की अपेक्षा 2 प्रतिशत रिजल्ट हुआ बेहतर

### इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाऊंगा : आयुष

आयुष प्रिया डीपीएस भिलाई का छात्र है। 99.20 अंक हासिल करने वाले आयुष बताते हैं कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए रोजाना 8 से 10 घंटे की पढ़ाई की। फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ्स सबजेक्ट की कोचिंग भी लिया। स्कूलों में ही टीचरों से कठिन टॉपिक पर डिस्कश कर लेते। उनका कहना है कि सेल्फ स्टडी सफलता की कुंजी है। आयुष के पिता बीएसपी सेक्टर 9 हॉस्पिटल में डॉक्टर हैं। माता डॉ. वनाश्री भी प्राइवेट क्लीनिक चलाती हैं। आयुष आईआईटी की पढ़ाई कर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहता है। इसके लिए वह तैयारी कर रहा है। खेलने का भी शौक रहा है। शंतरज खेलना उन्हे पंसद हैं।



### 95 प्रतिशत अंक वाले 550 विद्यार्थी

बारहवीं बोर्ड में इस बार करीब 550 परीक्षार्थियों के अंक 95 प्रतिशत से अधिक हैं। दुर्ग जिले में सीबीएसई ने बारहवीं बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए 16 परीक्षा केंद्र बनाए थे। इन परीक्षा केंद्रों में सीबीएसई के संबद्ध 73 निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। पिछले साल यानी वर्ष 5996 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इस बार 6767 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परिणाम भी 13 मई को पहले की भांति इस बार भी जारी किए गए।

### प्रथम श्रेणी में 3 हजार विद्यार्थी

बारहवीं बोर्ड में प्रथम श्रेणी में करीब 3 हजार विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। यानी 50 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में आए हैं। द्वितीय श्रेणी में 25 प्रतिशत विद्यार्थी यानी 1692 उत्तीर्ण हुए हैं। तृतीय श्रेणी में 1218 और शेष 473 विद्यार्थी पूरक व अनुतीर्ण की श्रेणी में हैं।

### एक विषय को ही पूरक की पात्रता

सीबीएसई ने इस शैक्षणिक सत्र में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए कड़े नियम भी बनाए हैं। एक विषय में फेल होने वाले विद्यार्थी को ही पूरक की पात्रता होगी। इसकी परीक्षा आने वाले महीने में आयोजित की जाएगी। दो विषय में फेल होने वालों को पूर्ण फेल माना गया है।उन्हे फिर से उसी बारहवीं की पढ़ाई करनी है। आगामी शैक्षणिक सत्र में होने वाली वार्षिक परीक्षा में वे शामिल हो सकते हैं।

### पिछले 9 साल के नतीजे

| वर्ष | विद्यार्थी | उत्तीर्ण |
|---|---|---|
| 2017-18 | 5600 | 5310 |
| 2018-19 | 6560 | 6364 |
| 2019-20 | 4968 | 4889 |
| 2020-21 | 4960 | 4960 |
| 2021-22 | 7200 | 6948 |
| 2022-23 | 6600 | 6530 |
| 2023-24 | 7988 | 7109 |
| 2024-25 | 5996 | 5377 |
| 2025-26 | 6767 | 6394 |

### ट्विनसिटी के सर्वोच्च अंक लाने वाले विद्यार्थी

| | |
|---|---|
| आयुष प्रिया | 99.20% |
| श्रेया राय | 98% |
| अक्षिता गर्ग | 97.40% |
| अलिना जागीरदार | 97.20% |
| अनुष्का अग्रवाल | 97.20% |
| अर्पिता यादव | 97.20% |
| अभिनव केशवानी | 97% |
| वंदन गोयल | 97% |
| ईशान्या देशलहरा | 97% |

# बीएसपी में नौकरी लगाने के नाम पर पांच लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 7 कुर्मीपारा ग्राम नंदौरी निवासी दुर्गेश वर्मा निजी कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर बीएसपी में कार्यरत है।

■ कंप्यूटर आपरेटर के पद पर नौकरी लगाने का दिया था झांसा

वर्ष 2023 में मुलाकात सैम्युअल सातुम उर्फ आदि गुज्जर से हुई थी। सैम्युअल सातुम ने स्वयं को बीएसपी के बड़े अफसरो के साथ अच्छा संबंध होने का झांसा दिया। सैम्युअल के झांसे में आकर दुर्गेश ने अपने मूल दस्तावेज उसे दिया। जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण कागजात शामिल थे। माह भर बाद आरोपी ने दुर्गेश से कहा कि उसे सेल कॉर्पोरेट ऑफिस ले जाकर नियुक्ति पत्र दिलाएगा। इसके लिए उसे 6 लाख रुपए का डिमांड किया। दुर्गेश ने 5 अप्रैल 2023 को पहली किस्त सैम्युअल को 3 लाख रुपए दिए। 25 और 26 अप्रैल 2023 को गांव नंदौरी स्थित दुर्गेश के घर आरोपी पहुंचा और बचा 3 लाख रुपए भी वसूल लिया। रकम मिलने के बाद उसे नौकरी लगाने का झांसा देकर घूमाता रहा। बीएसपी में स्थायी नौकरी दिसाने का झांसा देकर रकम लिया था। समय बीतने पर नौकरी नहीं लग पाई। पीड़ित ने जब आरोपी पर दबाव बनाया तो 10 मई 2025 को केवल 1 लाख रुपए वापस किया। इसके बाद अब तक 5 लाख रुपए नहीं लौटाया। बहरहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही बड़े खुलासे की संभावना है। पुलिस शिकायतकर्ता से पूछताछ कर रही है।

## अफीम तस्कर को पुलिस ने झारखंड से पकड़ा



भिलाई। अफीम की तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस झारखंड के गुमला से पकड़कर लाई है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम लांजी चौकी थाना गुमला जिला गुमला झारखंड निवासी राजकेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू उर्फ सुंदर साहू को पकड़ा गया। दोनों से पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य संकलित कर अफीम की आपूर्ति और बेचने के नेटवर्क का खुलासा किया। एंड टू एंड जांच के दौरान मोबाइल कॉल डिटेल, आपसी संपर्क, अन्य तकनीकी तथ्यों के आधार पर झारखंड से अवैध अफीम लाकर दुर्ग में बेचना पाया गया। तस्करों से अफीम 15 लाख, मोबाइल, नगदी रकम 8 हजार रुपए जब्त की गई। थाना कुम्हारी पुलिस टीम, तकनीकी टीम, एनडीपीएस एक्ट के तहत जांच कर पुलिस अधिकारियों का योगदान रहा है।

# 16 मई तक रात को भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित



दुर्ग। पुराना बस स्टैंड में उर्स के आयोजन के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए 13 से 16 मई तक भारी वाहन प्रतिबंधित रहेगें। आयोजन पुराना बस स्टैंड दुर्ग में होगा। पटेल चौक से इंदिरा मार्केट, फरश्तिा कॉम्प्लेक्स से पटेल चौक मार्ग पर वाहनों क आवागमन नियंत्रित रहेगा। आम नागरिकों की सुविधा के लिए दिशाओं से आने वाले वाहनों के लिए पृथक पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने ट्रैफिक पुलिस दुर्ग ने प्लान तैयार किया है। उर्स आयोजन के दौरान पटेल चौक से इंदिरा मार्केट की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। फरिश्ता कॉम्प्लेक्स से पटेल चौक की ओर वाहनों का आवागमन भी बंद रहेगा। आयोजन अवधि में दुर्ग शहर के भीतर रात्रिकालीन समय में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। भिलाई पावर हाउस की ओर से आने वाले वाहनों के लिए बस स्टैंड पार्किंग स्थल बनाया गया है।रिसाली की ओर से आने वाले वाहनों के लिए झाड़राम देवांगन स्कूल परिसर में पार्किंग होगी। गंजपारा, पुलगांव, राजनांदगांव की ओर से आने वाले पुलिस लाइन में खड़े कराए जाएंगे।

**एक दिन का इंतजार** धर्म नगरी दुर्ग में पहली बार कल होना है श्याम पूर्ण इच्छा महोत्सव

# श्याम रंग में रंगेगी पुरानी गंजमंडी, जुटेंगे पूरे देश से भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पुरानी गंजमंडी में 15 मई को दुर्ग में पहली बार आयोजित भजन संध्या के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आ रहे देश के प्रसिद्ध भजन सम्राट संजय मित्तल कोलकाता, प्रेम शर्मा राजस्थान, ममता चौधरी दिल्ली को लेकर तैयारियों जोरों पर है। पुरानी गंजमंडी में मंच से लेकर दर्शक दीर्घा में बैठने वाले भक्तों को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सुंदर एवं मधुर भजनों को सुनने के लिए दुर्ग ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश से श्याम प्रेमी आने वाले है, जिसको देखते हुए कार्यक्रम आयोजक संदीप शास्त्री खाटू श्याम ज्योतिषी द्वारा पुरानी गंजमंडी में विशाल पंडाल की व्यवस्था की गई है। पं. संदीप शास्त्री बताते हैं कि आयोजन में पूरे देश से भक्त जुटेंगे। 10 हजार से ज्यादा भक्तों के आने की संभावना है। आयोजन में इत्र की बारिश होगी।



यह आयोजन पूरी तरह निःशुल्क है, जिसमें किसी भी तरह से वीआईपी पास नहीं रखा गया है। शहर का यह पहला ऐसा आयोजन होने जा रहा है जिसमें शहर के सभी धर्मप्रेमियों को समान रूप से बैठने एवं पूरे आयोजन का प्रत्यक्ष लाभ लेने का अवसर मिलेगा। आयोजन में सहयोगी संस्था के रूप में कार्य करने वाली गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति, सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर समिति, जन समर्पण सेवा संस्था, बोलबम सेवा समिति के सदस्य पूरी तरह आयोजन की तैयारी में लगे है, पंडाल पूरी तरह तैयार हो गया है। संदीप शास्त्री खाटू श्याम ज्योतिषी एवं योगेन्द्र शर्मा बंटी अध्यक्ष जन समर्पण सेवा संस्था ने बताया कि श्याम भजन में आ रहे धर्मप्रेमियों के लिए एक हजार वर्ग फिट में गायक के पास गद्दे में बैठकर भजन सुनने एवं पांच हजार फिट में कुर्सी सोफा में बैठने की व्यवस्था की गई है। धर्मप्रेमियों के बीचों बीच में पंडाल में तीन सौ फीट का स्टेज बनाया गया है, जिसमें गायक प्रस्तुति देंगे। बाबा श्याम का विशाल एवं आकर्षक दरबार जो दिव्य होगा, सज रहा है। advt

### बंटेगी महाप्रसादी

कार्यक्रम में राजस्थान के कलाकारों द्वारा पूरे धर्मप्रेमियों के ऊपर इत्र की वर्षा की जावेगी जोकि पूरे शहर में पहली बार देखने को मिलेगा, पूरे आयोजन की तैयारी पूर्णता की ओर है पूरी गंजमंडी में दश हजार धर्मप्रेमियों के बैठने की व्यवस्था की गई है, सभी धर्मप्रेमियों के लिए खिचड़ी की प्रसादी की व्यवस्था की गई है। दुर्ग में इस आयोजन को लेकर धर्मप्रेमियों में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है चारों तरह श्री श्याम की गूंज गूंजेगी पूरा शहर धर्मलीन होगा।






## खबर संक्षेप

### भिलाई, जामुल और मर्रा में आज सजेंगे समाधानों के मंच

**दुर्ग।** सुशासन तिहार के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान का अभियान तेजी से जारी है। इसी क्रम में 14 मई को जिले के नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर स्थित लोकांगन परिसर में शिविर लगेगा, जिसमें जोन-02 के वार्ड 14, 15, 16, 19, 20 और 27 से 29 तक के नागरिक शामिल हो सकेंगे। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद जामुल के अंतर्गत प्राथमिक शाला रावण भाठा में शिविर आयोजित होगा, जहां वार्ड क्रमांक 05, 07, 09 एवं 10 की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### ऑनलाइन जुआ खिलाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल में ऑनलाइन जुआ खिलाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर श्रीनगर उरला क्षेत्र में जीत हार का दांव लग रहा था। मोहन नगर पुलिस ने घेरबंदी कर युवक को पकड़ा गया। युवक का नाम आदित्य नगर दुर्ग निवासी योगेश सिंह राजपूत है। युवक के पास से पुलिस ने नगदी 1,500 रुपये, मोबाईल जब्त किया है। सामानों की कीमत 21 हजार 50 रुपए आंकी गई है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के अवैध जुआ, सट्टा,आपराधिक गतिविधियों की सूचना मिलने पर तुरंत जानकारी दे।

### शादी का झांसा देकर अनाचार, गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि युवती के साथ आरोपी युवक इंदिरा नगर निवासी आर्यन सागर ने पहले जान-पहचान हुई। उसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरु हुआ धीरे-धीरे आर्यन ने युवती का भरोसा जीता। प्रेम जाल में फांसकर युवक युवती के साथ अनाचार करता रहा। शादी करने युवती ने दबाव बनाया तो शादी से इंकार कर दिया। परेशान युवती ने शिकायत पुलिस से किया। मंगलवार 12 मई को पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी आर्यन सागर को पुलिस ने पकड़ा और न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया।

## भिलाई-दुर्ग के नामी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों की रही गौरवपूर्ण उपलब्धि

# एजुकेशन हब के विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान, सर्वाधिक सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बारहवीं सीबीएसई बोर्ड के विद्यार्थियों ने वर्ष 2025-26 शैक्षणिक सत्र में उम्दा प्रदर्शन किया है। ट्विनसिटी के 73 निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने संस्थानों को गौरवान्वित किया है। नतीजे घोषित होने के बाद स्कूलों में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने का सिलसिला चला। स्कूल प्रबंधकों ने विद्यार्थियों को इस बेहतर परिणाम के लिए बधाईयां दी और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### डीपीएस दुर्ग के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता को कक्षा बारहवीं सीबीएसई परीक्षा परिणाम द्वारा प्रस्तुत किया। विद्यालय में कुल 254 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 127 विद्यार्थियों ने विशेष अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। साथ ही 20 छात्रों ने 90 %से अधिक अंक अर्जित किये। विद्यालय में कक्षा बारहवींमें प्रथम स्थान पर वाणिज्य संकाय से सिद्धार्थ जैन ने 94.6 % अधिकतम अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है । द्वितीय स्थान पर कला संकाय से मनतृप्त कौर ढिल्लन ने 94.2% अधिकतम अंक प्राप्त किए तथातृतीय स्थान पर विज्ञान संकाय से पीयूष सिंह ने 93.4% प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया । संकाय अनुसार परिणाम रहे। वाणिज्य संकाय में प्रथम सिद्धार्थ जैन 94.6, द्वितीय गीत वाघेला 93. 8, द्वितीय उज्ववंश सिंह भाटिया 93.8 वहीं कला संकाय में प्रथम मनतृप्त कौर ढिल्लन 94.2, द्वितीय शिफा एंजल 93.2, तृतीय परिधि सिंगौर 88.6 और विज्ञान संकाय में प्रथम पीयूष सिंह 93.4, द्वितीय शोभित सैनी 92.4, तृतीय धरती गौतम 91.6 % रही। विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन पर प्राचार्य ने बधाई दी।

### शकुंतला विद्यालय का परिणाम 96.2 प्रतिशत रहा



**भिलाई।** शकुन्तला विद्यालय, रामनगर भिलाई के 2025-26 में इस विद्यालय के कक्षा 12 में कुल 275 विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं परीक्षा परिणाम 96.2% रहा। सृष्टि चैधरी ने 96.8% अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान, अमन कुमार सिंह ने 96.6% द्वितीय स्थान पर, नेहा साहू 95.2% साथ तृतीय स्थान पर, पायल गुप्ता 94.6% के साथ चैथे स्थान पर, पियूष पटेल ने 93.8% पांचवे स्थान पर, इसी क्रम मे मुस्कान साहू 93.2%, रितिका धबारदे 93%, विधी टोरले 92.2% एवं दीपाली पटेल 91% अंक प्राप्त कर स्थान पर रहें ।अग्रेजी में 98, कम्प्युटर सांइस में 96, रसायन में 98, गणित में 92, भौतिकी में 91, पी.ई में 100, हिन्दी में 96, एवं जीवविज्ञान में 99 अंक, अर्थशास्त्र में 94, एकाउन्टस में 96 एवं बिजनेस स्टडी में 98 इतिहास 91, ए.आई 100, आई टी 98, योगा 100, मार्केटिंग 98 उच्चतम अंक रहे । उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए शकुन्तला ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने प्राचार्य विपिन कुमार, वहीं प्रबंधक ममता ओझा (शारदा विद्यालय रिसाली) विद्यार्थियों को बधाई दी।

### कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर के होनहारों ने परचम लहराया

**भिलाई।** कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर, भिलाई के कुल 448 छात्रों ने बारहवीं बोर्ड की परीक्षा दी, जिसमें 33 छात्रों ने 90 प्रतिशत से भी अधिक अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। कक्षा बारहवीं में अभिनव केशवानी 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहा, ईशा सूर्यवंशी 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर तथा यशजीत साहू 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। गणित संकाय से अभिनव केशवानी नें 97 प्रतिशत पर प्रथम स्थान, संदेश जैन 95.2 प्रतिशत पर द्वितीय स्थान एवं आयुष कुमार साहू ने 94.2 प्रतिशत पर तृतीय स्थान प्राप्त किये। कॉमर्स संकाय से यशजीत साहू 95.6 प्रतिशत पर प्रथम स्थान, वेद अग्रवाल 95.4 प्रतिशत पर द्वितीय स्थान एवं तनिष्का प्रियदर्शनी 95 प्रतिशत पर तृतीय स्थान प्राप्त किये। कला संकाय से ईशा सूर्यवंशी 95.8 प्रतिशत पर प्रथम स्थान, सौदर्य दीक्षित 90.8 प्रतिशत पर द्वितीय स्थान एवं सम्राट तिवारी 91.8 प्रतिशत पर तृतीय स्थान प्राप्त किये। विज्ञान संकाय से सौम्या मिश्रा 91.2 प्रतिशत पर प्रथम स्थान, सोनम प्रसाद 90.2 प्रतिशत पर द्वितीय स्थान एवं जान्हवी वर्मा 85.6 प्रतिशत पर तृतीय स्थान प्राप्त किये। प्राचार्या सबिता त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ दी।



### मैत्री विद्या निकेतन के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रिसाली ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की सीबीएसई कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं।विद्यालय के छात्रों ने अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता से संस्थान का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के शीर्ष उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र हैः आदित्य कैमल 94.2%, विधि दरसेना 93.8%, मोनिश कुमार साहू 93.6%, ऋतु 92.6%, अथर्व ठाकुर – 92.4%, हर्षिका दिल्लीवार – 92%, चित्रांश वर्मा – 90.2%। इसके अतिरिक्त, विद्यालय के 19 छात्रों ने सभी विषयों में विशिष्टता प्राप्त की है। मेका की अध्यक्षा के. राजम सुधाकरण, निदेशक एस. सजीव एवं एस. साजन, निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. सजिथा थम्बी, उप-प्राचार्य डॉ. बीना सजीव तथा प्रधानाध्यापिका निशी साजन, शिक्षकों एवं समस्त सदस्यों ने बधाई दी।

### हेरिटेज स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**भिलाई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा जारी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में हेरिटेज स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के 45 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन पर रहे। वहीं 8 छात्रों का परसेंटेज 90 से ज्यादा रहा। परीक्षा में श्रेया राय ने 98 परसेंट कॉमर्स, लक्ष्य देवांगन ने 96 परसेंट साइंस, अर्पिता चन्द्राकर 96 परसेंट साइंस और निशिका सिंह ने 95 परसेंट अंक साइंस प्राप्त किया।

### माइलस्टोन अकादमी के विद्यार्थियों ने बढ़ाया गौरव



**भिलाई।** माइलस्टोन अकादमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 -26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वाणिज्य संकाय में वंदन गोयल ने 97% अंक ,ह्यूमैनिटीज संकाय में ईशान्या देशलहरा ने 97% अंक तथा विज्ञान संकाय में आराध्या गुप्ता ने 95.2% अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परचम लहराया । 95 % से अधिक अंक प्राप्त कर पाँच विद्यार्थियों ईशान्या देशलहरा, वंदन गोयल, राधिका मंत्री, निकुंज बंसल और आराध्य गुप्ता ने शाला का नाम रोशन किया । 90% से अधिक अंक प्राप्त कर 21 विद्यार्थियों ईशान्या देशलहरा, वंदन गोयल, राधिका मंत्री, निकुंज बंसल, आराध्य गुप्ता, कृष्णंदा चावड़ा, सोनाक्षी सिंह,अंजय वर्मा, आस्था कश्यप, कृष्ण अर्पित शुक्ला, मयंक देवांगन, जय गनशानी, माही सिंह,वशिष्ठ गुप्ता,हर्षिता वर्मा, आश्रीमा चंद्राकर, आर्यन भल्ला, सौम्या प्रसाद, लवली लखवानी, सिद्धि पुरोहित, हर्षित हिंडारिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । 85% से ऊपर अंक लाकर 40 विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । 80% से ऊपर अंक लाकर 59 विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया । अंजय वर्मा योगा में 100% अंक प्राप्त किए। साक्षी डेहरीया एवं सौम्या प्रसाद ने पेंटिंग में 100% अंक प्राप्त किए। हर्षित वर्मा ने म्यूजिक में 100% अंक प्राप्त किए।विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाला की डायरेक्टर डॉक्टर ममता शुक्ला एवं एकेडमिक डायरेक्टर शुभम शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी।

### केपीएस सुन्दर नगर का उत्कृष्ट रिजल्ट



**भिलाई।** कृष्णा पब्लिक स्कूल, सुन्दर नगर, भिलाई के विद्यार्थियों का कक्षा 12 वीं सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। शाला में गर्वीता वधेर (91.6 प्रतिशत), दीक्षा देवांगन (89.8 प्रतिशत), राधिका कौशीक (88.8 प्रतिशत), निधी उपाध्याय (88 प्रतिशत), अंकित मोदक (85.8 प्रतिशत), शीसांका कौर (84.4 प्रतिशत), अपूर्वा मोंगीया (84.4 प्रतिशत), आयुष मिश्रा (84.4 प्रतिशत) ने बाजी मारी और अपनी जगह बनाई और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर एम.एम. त्रिपाठी, चेयरमेन कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, आनंद कुमार त्रिपाठी, वाईस चेयरमेन - कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, सेक्रेटरी कृष्णा ऐजुकेशन सोसायटी, आर.एस. पाण्डेय, एजुकेशन ऑफिसर कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, शाला के प्राचार्य राजेश किन्हेकर, प्रवीण कुमार - उप प्राचार्य, माया मिश्रा उप प्राचार्या ने शिक्षकों व बच्चों को उनकी मेहनत पर शुभकामनाएं व्यक्त की।

### बीएसपी विद्यालयों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीबीएसई संबद्ध वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। संयंत्र के दो वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से कुल 494 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 96.76 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित हुए। मेधावी विद्यार्थियों में सीनियर सेकेंडरी स्कूल-10 की छात्रा अर्पिता यादव ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पूर्वा सिंह परिहार ने 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा वर्णिका यादव ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दिव्यांशी वर्मा (94.4 प्रतिशत), आकांक्षा गुप्ता (94 प्रतिशत), शिवाजी (92.8 प्रतिशत), दिव्या साह (92.2 प्रतिशत), जसराज सिंह सिंधु (92 प्रतिशत), साईप्रिया पुरोहित (91.8 प्रतिशत), तृप्ति देवांगन (91.6 प्रतिशत), गुणक (91 प्रतिशत), एस. ज्योत्सना (90.8 प्रतिशत), डैनिका मरियम जैकब (90.8 प्रतिशत), आदित्य देशमुख (90.4 प्रतिशत) तथा आयुष कुमार यादव (90 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं संयंत्र का गौरव बढ़ाया।

### डीपीएस भिलाई के विद्यार्थी सबसे सफल



**भिलाई।** डीपीएस भिलाई के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बारहवीं में अच्छी सफलता अर्जित की है। इस विद्यालय के सात विद्यार्थियों ने विद्यालय में सर्वोच्च अंक हासिल किया है। साइंस के छात्र आयुष प्रिया ने 99.20% प्राप्त कर पूरे भिलाई में सर्वाधिक अंक लिया है। कामर्स की छात्रा अक्षिता गर्ग 97.40% के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान लिया है। योगेश गुप्ता 96.80%, साइंस के छात्र प्रशु सिरवैय्या 96.40, आर्यन पांडेय 96.40 कामर्स, शुभ भैया साइंस 95.80 और अवनि अग्रवाल कामर्स 95.80% अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### कृष्णा पब्लिक स्कूल दुर्ग का परिणाम शत-प्रतिशत



**दुर्ग।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में कृष्णा पब्लिक स्कूल दुर्ग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। आरुषि भारद्वाज ने 96% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं निखिल साहू ने 92.6% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। विज्ञान संकाय में मुकुल राज यदु ने 89.6% तथा गार्गी गीदम ने 88.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्या इति शर्मा, डायरेक्टर मयंक शर्मा सहित सभी ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 के छात्रों ने सी.बी.एस.ई.कक्षा 12 वीं (वर्ष 2025-2026) में एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित कर दी है। कक्षा 12 वीं के वाणिज्य संकाय में अनुष्का अग्रवाल ने 97.2% प्राप्त कर प्रथम स्थान पर अपनी जगह बनाई। आशुतोष सिंह और अविज्ञा चौरसिया ने 95.6% प्राप्त कर द्वितीय और अनिष्का कौशल और सृष्टि पाण्डेय ने 95.2% लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । विज्ञान संकाय में हीना वर्मा ने 92% लेकर प्रथम , भूमि निर्मल ने 91.8% लेकर द्वितीय और आराधना नायडू ने 89.6% लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । गणित संकाय में दर्शील जैन ने 91.2% लेकर प्रथम स्थान पर अपनी जगह बनाई । भार्गव चंद्राकर ने 87.8% लेकर द्वितीय तथा भावेश कुमार धनकर और वैभव कुमार चौधरी ने 86.8 % लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । शाला प्रबंधन समिति के सचिव एस.स्वामीनाथन, प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी., और प्रबंधन समिति ने शुभकामनाएँ दी।

# शहर सरकार बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने कसी कमर



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर निगम भिलाई एवं रिसाली में होने वाले चुनाव को देखते हुए भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अहम बैठक ली। बैठक में विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। बैठक इस नतीजे पर पहुंची की जितने भी पदाधिकारी हैं वह सभी बूथ स्तर पर कमेटियों की जम्मिेदारी लें। बूथ स्तर पर हर गली, हर घर, पहुंचा जाए और लोगों के बीच कांग्रेस की रीति नीति का प्रचार प्रसार किया जाए। लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए और जो भी विकास कार्य हुए हैं उनसे उन्हें अवगत करा जाए। साथ ही भाजपा शासन काल में हो रही परेशानियों से उन्हें अवगत कराया जाए। बैठक की शुरुआत करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि 6 माह बाद होने वाले भिलाई नगर निगम एवं रिसाली नगर निगम चुनाव में एक बार फिर किस तरह जीत हासिल किया जाए उसकी रूपरेखा तैयार करने हम आज बैठे हैं। पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का स्पष्ट कहना था कि कांग्रेस कहीं से भी कमजोर नहीं है। कार्यकर्ता मेहनती हैं। बस हमें थोड़ा चिंतन करने की जरूरत है। बूथ से लेकर जिला स्तर तक कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए सभी को जिम्मेदारी दी जाए। कुछ लोग ठीक चुनाव के पहले सक्रिय होते हैं और टिकट ले जाते हैं। पार्टी जिसे टिकट देना चाहे दे लेकिन पहले उसकी ईमानदारी और पार्टी के प्रति निष्ठा को देख ले। विधायक देवेंद्र यादव ने अपने बूथ का अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लेने की घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस के सारे पदाधिकारी बूथ की जिम्मेदारी लें। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि हम कहीं से कमजोर नहीं हैं। बैठक में नीता लोधी, बृजमोहन सिंह, सीजू एंथोनी, चंद्रकांत कोरे, भूपेश यादव, दिनेश पटेल, जोहन सिन्हा, दिनेश पटेल, अली हुसैन सिद्धकी भूपेन्द्र यादव, इरफान खान, भूपेश यादव ,दिनेश पटेल, लक्ष्मीपति राजू, इमरान अंसारी, राधेकांत मिश्रा, साकेत चंद्राकर, भुवनेश्वरी रानी समेत सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री लालचंद वर्मा ने किया।

### जहां कांग्रेस के महापौर वहां सारे काम ठप्प

महापौर नीरज पाल ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि पिछले ढाई वर्ष से, जब से भाजपा की सरकार प्रदेश में आई है। जहां कांग्रेस के महापौर हैं। वहां-वहां सारे कार्य ठप्प हो चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समय हमें फंड की कोई कमी नहीं थी। इसलिए निगम के सभी वार्डों में खूब काम किया गया। लेकिन भाजपा सरकार के आते ही पूर्व की सभी योजनाएं रद्द कर दी गई, सारे विकास कार्य रोक दिए गए, महापौर निधि और पार्षद निधि तक रोक दी गई।

# ढौर-कचांदुर में बनेगा फिजियोथेरेपी कॉलेज, मंत्री गजेन्द्र ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- चंदूलाल मेडिकल कॉलेज के पास जगह का किया गया चयन

दुर्ग जिले के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए कचांदुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकल कॉलेज के पास नवीन फिजियोथेरेपी कॉलेज निर्माण किया जाएगा। इसका भूमिपूजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। और विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण का शुभारंभ किया। गजेन्द्र यादव ने कहा कि फिजियोथेरेपी चिकित्सा पद्धति आज स्वास्थ्य सेवाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। बदलती जीवनशैली, दुर्घटनाओं, खेल संबंधी चोटों, लकवा, कमर एवं जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं के उपचार में फिजियोथेरेपी की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दुर्ग जिले में इस कॉलेज की स्थापना से आम नागरिकों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक उपचार सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि यह संस्थान केवल उपचार केंद्र ही नहीं बल्कि दुर्ग जिले के चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण का भी प्रमुख केंद्र बनेगा, जहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण तथा बेहतर करियर अवसर प्राप्त होंगे। इससे जिले सहित पूरे संभाग के युवाओं को स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। केबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं मेडिकल कॉलेज स्टॉफ ने भी इस पहल को जिले के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। भूमिपूजन अवसर पर विधायक डोमनलाल कोर्सवाड़ा, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### पानी संकट दूर करने निर्धारित समय में बंद रखी जाएगी बिजली

**दुर्ग।** गर्मी के मौसम में बढ़ती पेयजल समस्या को देखते हुए वार्ड 59 हरिनगर एवं वार्ड 60 कातुलबोर्ड क्षेत्र में विशेष व्यवस्था लागू की गई है। इन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही थी, जिससे अंतिम छोर पर निवासरत नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था। प्राप्त शिकायतों एवं क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कई स्थानों पर टुल्लू पंपों का अत्यधिक उपयोग किए जाने से जलप्रवाह असंतुलित हो रहा है। इसके कारण अंतिम घरों तक पानी का दबाव नहीं पहुंच पा रहा था स्थिति को गंभीरता से लेते हुए निगम द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त क्षेत्रों में जलप्रदाय आपूर्ति के निर्धारित समय के दौरान प्रातः 8:30 बजे विद्युत सप्लाई अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी।

# हॉली-डे पैकेज का झांसा देकर लाखों की ठगी, संचालक सहित टीम फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- स्मृति नगर पुलिस कर रही जांच, दर्जन भर से अधिक लोगों ने की शिकायत

हॉली डे पैकेज का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी कर संचालक टीम के साथ फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि सूर्या रेसीडेंसी ब्लाक-ए क्वा.112 जुनवानी निवासी अंजु कुमारी राव ने शिकायत किया है कि क्लब रिओनट दूर एण्ड ट्रेव्हल्स कंपनी के द्वारा होली-डे पैकेज का झांसा देकर संचालक श्रीमंत राम खाण्डे और उनके साथी द्वारा टीआई सूर्यामाल जुनवानी भिलाई में आफिस खोलकर रखा है।

क्लब रिओनट दूर एण्ड ट्रेव्हल्स कंपनी होली-डे पैकेज के नाम पर सदस्य के नाम पर 1.35 लाख रुपए लिया। पीड़िता ने 26 जनवरी को सूर्यामाल जुनवानी शापिंग करने अपने बेटे के साथ गई थी। जहां पर मॉल के 5 फ्लोर में क्लब रिओनट के कर्मचारियों से मुलाकात हुआ। होली-डे वाऊचर पीड़िता को दिया 31 जनवरी को फोन से सूचना दिया गया कि गिफ्ट वाऊचर लगा है। उन्हें सूर्यामाल जुनवानी क्लब रिओनट टूर एंड ट्रेव्हल्स कंपनी में आना पड़ेगा। कर्मियों ने लुभावने स्कीम बताकर पाचं साल के पैकेज के लिए 1.35 लाख रूपये का लिया। जिसमें प्रतिवर्ष 5 पैकेज था, रकम का भुगतान भी किया गया। जब पीड़िता सूर्यामाल अपने पैकेज को लेकर पता करने पहुंची तो क्लब रिओनट का आफिस को बंद मिला। इसके अलावा नरेन्द्र गच्ची 1.11 लाख, अतनु गांगुली 92 हजार, अनिल रजक 60 हजार, अविनाश 85 हजार, अक्षय राजू कुकडकर55 हजार, श्याम सिंह यदुवंशी 50 हजार, मुस्ताक अली 36 हजार आर.के. गुप्ता 1 लाख, निखिल चन्द्राकर 1 लाख, अनुपमा सोनी 1 लाख, युवराज वर्मा 35 हजार, श्वेता उमरे से 1.32 लाख, अजय जंघेल, माधुरी कारेकर 1.55 लाख, अमृता भाटिया 1.45 लाख, धीरेन्द्र बाघेला 85 हजार, नीलम्बर बैनर्जी 45 हजार, नेहा जैन 1.45 लाख, पूजा त्रिपाठी 27 हाजर, रंजनी मंडावी 60 हजार, डॉ श्वेता उमरे 1.74 लाख 322, पवन कुमार डहरे 50 हाजर, कंचन साहू 48 हजार, राजेश मरावी 60 हजार आदि से रकम लेकर टूर ट्रेव्हल्स के संचालक फरार हो गए है। इनका भिलाई, दुर्ग, बिलासपुर ब्रांच भी बंद हो चुकी है।

## मलपुरीकला शिविर में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

# जनसमस्या निवारण शिविर में 165 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शासकीय काम-काज में पारदर्शिता तथा योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अनुक्रम में सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत जिले के ग्रामीण अंचलों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत ग्राम मलपुरीकला में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 485 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर विभागीय अधिकारियों द्वारा 165 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। सुशासन शिविर में क्षेत्र की जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिये। शिविर में क्षेत्र के 14 ग्राम पंचायत मलपुरीकला, अकोला, कपसदा, ओटेबंद, गोढ़ी, अछोटी, ढौर (हि), बोरसी, खपरी, पंचदेवरी, ढाबा, मुर्रा, सांकरा और कंडरका के लोगों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी निभायी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित इस शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्र के सैकड़ों हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।



### इन्हें मिला लाभ

शिविर में खाद्य विभाग द्वारा 10 हितग्राही दुर्गेश्वरी निषाद, हेमलता यादव, भारती वर्मा, भारती सोनवानी, कौशिल्या साहू, संजना देवांगन, टंकेश्वरी जांगड़े, गीता साहू, उत्तरा वर्मा और सृष्टि वर्मा को नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राही दीपिका यादव, हेमलता साहू, जानकी यादव (ग्राम ओटेबंद), प्रीति साहू एवं मधु यादव (ग्राम बोरसी) को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि प्राप्ति प्रमाण पत्र, सकुंतला गायकवाड़ अध्यक्ष नारी शक्ति स्व-सहायता समूह ओटेबंद को बर्तन बैंक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र, सीमा जोशी (मुर्रा), तारा जांगड़े, प्रमिला कुर्रे (मलपुरीकला), प्रमिला निषाद, कुमारी बाई साहू (ओटेबंद) को स्वच्छाग्राही सम्मान प्रमाण पत्र तथा रामनारायण साहू (मलपुरीकला) और यशोद नेताम (मुर्रा) को स्वच्छता कर सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिविर में अनुविभागीय दण्डाधिकारी महेश सिंह राजपूत, धमधा सीईओ किरण कौशिक, सतीश साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बिजौरा को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

**सेलूद।** राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह संप्रवाह 2025-26 का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रो. जे. एन. पांडेय विद्यालय रायपुर में किया गया। समारोह में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से चयनित 160 उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके नवाचारी गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें दुर्ग जिले के 3 शिक्षकों को उनके नवाचारी गतिविधियों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मगरघटा संकुल केंद्र परसदा विकासखंड पाटन जिला दुर्ग में पदस्थ शिक्षक ललित कुमार बिजौरा को उनके उल्लेखनीय एवं नवाचारी गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी तरह मंजू पाठक दुर्ग और नीलम विकास सुखदेवे धमधा का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत के कई वरिष्ठ अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही।

### स्वास्थ्य विभाग की जांच में सामने आएगी हकीकत

# बेलौदी में कै-दस्त का प्रकोप, मछली खाने से हुआ या गुपचुप खाने से, संशय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

पाटन ब्लॉक के ग्राम बेलौदी में कै-दस्त का प्रकोप अभी भी बना हुआ है। मंगलवार को पांच नए मरीज मिलने के बाद अब तक कुल 55 महिला, पुरुष और बच्चे प्रभावित हो चुके हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार स्थिति अब नियंत्रण में है और मरीजों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। आधा दर्जन मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं, जबकि अन्य मरीजों का इलाज अस्पताल में जारी है। गांव में कै दस्त मछली खाने से हुआ या फिर गुपचुप खाने से , जांच के बाद इसका खुलासा हो जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार डायरिया फैलने से पहले लगातार तीन दिन तक बेलौदी बांध में मछली जाल चलाया था। जिसमें ग्रामीणों ने लगातार तीन दिन तक मछली खाई थी। इधर कुछ मरीजों का कहना है कि गुपचुप खान के बाद पीड़ित हुए। गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कैंप लगाकर निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों का उपचार करने के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चला रही है। विभाग ने मरीजों के मल और पीने के पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं ताकि बीमारी के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। इधर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मंगलवार को अपने गृह ग्राम बेलौदी पहुंचे। उन्होंने गांव और पाटन अस्पताल पहुंचकर पीड़ित मरीजों से मुलाकात की तथा उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से इलाज और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

भूपेश बघेल मृतक सरस्वती निषाद के घर भी पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। सरस्वती निषाद का पोस्टमार्टम होने के बाद मंगलवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक गांव में पिछले तीन दिनों से जाल डालकर बड़ी मात्रा में मछली निकाली गई थी, जिसे ग्रामीणों ने लगातार खाया। इसके अलावा बाजार में गुपचुप खाने वाले कई लोग भी बीमार हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग दोनों संभावनाओं को ध्यान में रखकर जांच कर रहा है।

**पूर्व सीएम भूपेश मिले मरीजों और मृतका के परिजनों से**



## पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार से लौटने के बाद फिर शुरू हुआ जनदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

विधायक ललित चंद्राकर ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार से लौटने के बाद पूर्व की भांति सिविल लाइन स्थित निवास में जनदर्शन कार्यक्रम पुनः प्रारंभ कर दिया है। विधायक द्वारा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने निवास स्थान में जनदर्शन लगाया जा रहा है। जनदर्शन में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं को लेकर पहुंचे।

■ विधायक चन्द्राकर ने सुनीं जनता की समस्याएं

जनदर्शन में मुख्य रूप से राशन कार्ड, पेंशन, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास, बिजली, पानी, सड़क, नाली, स्वास्थ्य, राजस्व प्रकरणों और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें व मांगें प्राप्त हुईं। विधायक ललित चन्द्राकर ने प्रत्येक व्यक्ति से स्वयं मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कराया। शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पार्टी के आदेश पर पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार में गया था। वहां से लौटते ही पूर्व की भांति जनदर्शन का क्रम फिर से शुरू कर दिया है। मेरा प्रयास है कि क्षेत्र के किसी भी नागरिक को अपनी समस्या लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि जनदर्शन का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति की आवाज सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंच सके। यही सुशासन है।

## दामिनी बनीं जिला विकास समन्वय निगरानी समिति की सदस्य

**नंदिनी।** ग्राम पंचायत बागडूमर सरपंच दामिनी साहू को जिला विकास समन्वय निगरानी (दिशा) समिति का सदस्य बनाया गया। समिति के अध्यक्ष सांसद होते हैं। सरपंच दामिनी साहू ने इस नियुक्ति के लिए सांसद विजय बघेल का आभार व्यक्त किया। ग्राम की महिलाओं ने सरपंच दामिनी साहू का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस दौरान गौरी साहू, संगीता साहू, शकुन यादव, द्रोपदी साहू एवं ग्राम की समस्त महिलाएं उपस्थित थी।



# सिलेंडर ब्लास्ट हादसे के मृतकों को नम आंखों से नगरवासियों ने दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी

वार्ड 4 रामनगर स्थित मकान में सिलेंडर ब्लास्ट हादसे के मृतकों को बुधवार को नगरवासियों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसमें अनिल वैष्णव (45 वर्ष), चांदनी वैष्णव (18 वर्ष) और लक्ष्मी वैष्णव (20 वर्ष) सहित 2 वर्ष की मासूम बच्ची गोपिका वैष्णव शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर शोक जाहिर करते हुए घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं साथ ही पीड़ति परिवार को सहायता राशि की भी घोषणा कर दी है। घटना के बाद तमाम मंत्री, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर पीड़ति परिवार को सांत्वना दी और सरकार द्वारा सहायता राशि की घोषणा की। नगर में इस दर्दनाक घटना ने लोगों को झंकझोर कर रख दिया है। देर रात पीड़ति परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल ने पीड़ति परिवार को सांत्वना देते हुए इस घटना को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दर्दनाक है साथ ही यह बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर करता है मोहल्ले वालों का कहना है कि इस बाबत बिजली विभाग को कई बार बताया गया लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ इस घोर लापरवाही के लिए बिजली विभाग पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए उन्होंने कहा कि परिवार के प्रत्येक सदस्य को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा मिलना चाहिए।

■ मृतक के पुत्र ने दी मुखाग्नि



इस दर्दनाक हादसे ने जहां पूरे नगर को स्तब्ध कर रख दिया हैं वहीं लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।

बुधवार को मुक्तिधाम में चारों मृतकों को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई मृतक अनिल वैष्णव के पुत्र गौतम वैष्णव ने चारों को मुखाग्नि दी। इस मौके पर वैष्णव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखनलाल वैष्णव, दुर्ग भिलाई के अध्यक्ष पूरण दास वैष्णव एवं गजानंद वैष्णव सहित नगर के तमाम जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तिरगा में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता 16 को

**अण्डा।** दुर्ग जिले के ग्राम तिरगा झोला में 16 मई शनिवार को एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और खिलाड़ियों ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये दिया जाएगा, जिसे आशा विक्वी मिश्रा जिला पंचायत सदस्य दुर्ग एवं वेदांश, रोमांशी, दिमेन ठाकुर द्वारा प्रदान किया जाएगा।द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये गुलाब बेलचंदन एवं अनिल देशमुख द्वारा, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये हीरा लाल दिल्लीवार गुरुजी द्वारा तथा चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपये पिताम्बर देशमुख द्वारा प्रदान किया जाएगा। आयोजन पंचशील क्लब एवं समस्त ग्रामवासी तिरगा, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में टीम चयन हेतु 5 खिलाड़ियों का वजन 48 किलो तथा 2 खिलाड़ियों का वजन 50 किलो निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति में अध्यक्ष फालेश देशमुख, उपाध्यक्ष ढालेन्द्र निषाद एवं कप्तान राजा देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतियोगिता का आनंद लेने की अपील की है।

## बिजनेस साइट

### बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और भारती विवि प्रबंधन के बीच एमओयू

**भिलाई।** बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, आईटीआई सहित अन्य कोर्स करने वाले छात्र-छात्राओं को एंसिलरी उद्योग ट्रेनिंग देंगे। साथ ही अप्रेंटिसशिप की भी सुविधा दी जाएगी। चयनित छात्र छात्राओं को एंसिलरी उद्योग अपने यहां जाब भी देंगे। एमओयू पर हस्ताक्षर एंसिलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार ने किया। दास गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ टेक्निकल रूप से भी मजबूत हों इसके लिए उन्हें ट्रेनिंग की बहुत आवश्यकता होती है। ट्रेनिंग के माध्यम से ही वह अपना स्किल बढ़ाते हैं। उद्योगों में ट्रेनिंग मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उनके सामने रोजगार के अवसर भी खुलते हैं। भिलाई के एंसिलरी उद्योगों को भी ऐसे युवक युवतियों की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि जब भारतीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन द्वारा छात्राओं को ट्रेनिंग देने, अप्रेंटिस कराने और नौकरी देने की बात हुई तो एंसिलरी एसोसिएशन ने इसे सकारात्मक रूप से लिया। एंसिलरी एसोसिएशन और विश्वविद्यालय प्रबंधन के बीच विचार विमर्श के बाद इस समझौते पर सहमति बनी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से सीईओ प्रभजोत सिंह भोई और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. स्वाति पांडे उपस्थित थीं। एंसिलरी एसोसिएशन की ओर से उपाध्यक्ष शशि भूषण, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, सचिव वरुण घोष एवं रवि मिश्रा, समन्वयक अवी सहगल और विशेष आमंत्रित सदस्य योगेश गुप्ता व डीराय चौधरी उपस्थित थे।



### नवीन चेम्बर भवन का नया रायपुर में जल्द होगा शिलान्यास

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी की बैठक एमएम फनसिटी, बकतरा, रायपुर में हुई। बैठक में पिछली कार्यकारिणी बैठक की कार्यवाही का पठन और अनुमोदन किया गया। लगभग 1100 नए सदस्यता आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच के पश्चात उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही 35 सदस्यों द्वारा प्राप्त आवेदन, फर्मों के नाम, स्थान और प्रतिनिधि परिवर्तन, 2000 रुपए से अधिक के व्यय की स्वीकृति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से अनुमोदन दिया गया। पिछली बैठक की कार्यवाही का पठन चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने किया, जिसका उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। चेम्बर प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया ने आय-व्यय और 2000 रुपए से अधिक के व्यय की जानकारी प्रस्तुत की, जिसे भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि चेम्बर के आजीवन सदस्यों की सदस्यता शुल्क 15 अगस्त 2026 तक 3500 रहेगा। इसके पश्चात शुल्क में परिवर्तन किया जाएगा। साथ ही सभी सदस्यों से आगामी 3 वर्षों के लिए 500 रुपए मेंटेनेंस शुल्क लिया जाएगा। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि व्यापारी एकता के माध्यम से ही व्यापारिक हितों की रक्षा संभव है। उन्होंने बताया कि नया रायपुर में चेम्बर के नवीन भवन हेतु भूमि का प्रावधान हो चुका है तथा शीघ्र ही आमसभा बुलाकर भवन का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने किया। इस दौरान चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, संरक्षक श्रीचंद सुन्दरानी, खूबचंद पारख सहित प्रदेशभर से लगभग 350 से अधिक कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी एवं व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




### भारती विश्वविद्यालय बना रोजगार का सशक्त केंद्र



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में जॉब फेयर व करियर एक्सपो का आयोजन किया गया। आयोजन में आसपास के क्षेत्रों सहित प्रदेश से बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न कंपनियो के विशेषज्ञो द्वारा चरणबद्ध लिखित परीक्षण, तकनीकी मूल्यांकन, समूह चर्चा तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों की योग्यता, तकनीकी दक्षता, संप्रेषण कौशल एवं व्यक्तित्व का गहन मूल्यांकन कर कुल 270 अभ्यर्थियों का चयन किया गया । कार्यक्रम में शिरकत करने वालो में बंधन बैंक, एयू स्माल फिनांस, अपोलो फार्मेसी, फ्लिपकार्ट, टेक्नो टास्क जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं शामिल हैं। यह विश्वविद्यालय की इस वर्ष आयोजित दूसरी बड़ी कैंपस ड्राइव थी। इससे पूर्व मार्च माह में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 17 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता दी थी, जिसमें 500 से अधिक अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया था। आयोजन का संचालन ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट हेड प्रभारी एडवोकेट श्रुति राव के नेतृत्त्व में आदित्य शाह, लव ताम्रकार और आराध्या पाठक द्वारा किया गया। सहायक प्राध्यापकगण डॉ. चंद्रिका अहिरवार, डॉ. प्रगति बघेल, अलिसिया, अमृथा बी दिनेश, दीपान्विता चटर्जी, निखिल देव प्रसाद तथा आयुष शर्मा का विशेष सहयोग रहा। विश्वविद्यालय के मुख्य संचालन अधिकारी प्रभजोत सिंह भुई और कुलसचिव डॉ. विरेंद्र कुमार स्वर्णकार ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# क्रेशर मशीन को बंद कराने लामबंद हुए मुड़पार के ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

मुडपार में नये लग रहे क्रेशर को बंद करने के लिए ग्रामीण लामंबद हो गये है। ग्रामीणों ने बताया कि खदान संचालन बिना ग्राम पंचायत की अनुमति के हो रहा है और अवैध ब्लास्टिंग की जा रही है। क्रेशर प्लांट से भय, प्रदूषण और गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पूर्व में भी उक्त स्थल पर संचालित क्रेशर से निकलने वाली अत्यधिक धूल, पत्थर कण एवं भारी वाहनों के आवागमन से ग्रामवासियों का जीवन प्रभावित हुआ है। क्रेशर मुख्य सड़क किनारे स्थित होने के कारण छोटे-छोटे स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। धूल प्रदूषण के कारण सांस, एलर्जी एवं अन्य बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि लगभग दर्जनों एकड़ कृषि भूमि क्रेशर की धूल से प्रभावित हो रही है, जिससे फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादन में भारी गिरावट आ रही है। किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है और ग्रामीण आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त खदान में हो रही अवैध ब्लास्टिंग से आसपास के घरों में कंपन महसूस होता है, जिससे जनहानि एवं दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण लगातार भय के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि ग्रामीणों द्वारा अनके बार प्रशासन को मौखिक एवं लिखित शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रभावशाली लोगों को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है और आम जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। मांग करने वाले ग्रामीणों में लोचन यादव, तिवारी बालकिशोर, परमेश्वर मार्कण्डेय, किशन भारती, भोजराम यादव, जगतराम यादव, संतलाल महिलवार, ओमप्रकाश यादव और ईशवर यादव सहित ग्रामीण शामिल है।



# स्थानांतरण पर हुआ स्नेह मिलन समारोह, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई

माय भारत, दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार उप-निदेशक नितिन कुमार शर्मा के दुर्ग जिले से बिलासपुर जिला स्थानांतरण होने पर हितवा संगवारी संगठन डुंडेरा (उतई) द्वारा संरक्षित वन क्षेत्र में दुर्ग जिले के विभिन्न युवा मंडलों के सहयोग से स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

हितवा संगवारी संगठन के अध्यक्ष एवं पर्यावरण प्रेमी रोमशंकर यादव के मार्गदर्शन में नितिन शर्मा द्वारा विधिवत पूजन एवं रक्षासूत्र बांधकर पीपल का पौधारोपण किया गया। साथ ही उनके निवास स्थान के लिए पौधा भेंट किया गया।


उन्होंने बताया कि उप-निदेशक नितिन शर्मा 7 साल पहले दुर्ग जिले में अपनी पहली पदस्थापना पर बतौर जिला युवा अधिकारी आये थे। वे इन 7 सालों में दुर्ग सहित 7 जिलों के अनेक गांवों में युवाओं की मजबूत एवं सक्रिय टीम बनाकर समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। नितिन शर्मा जी ने युवाओं को केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रखकर उन्हें समाज सेवा, नेतृत्व और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। उनका सरल व्यवहार और सक्रिय कार्यशैली हमेशा याद रहेगी।

इस दौरान उप निदेशक नितिन शर्मा ने भी दुर्ग जिले में बिताए गए अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं व्यवसायी विपिन शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, लेखराम सोनवानी, देवेंद्र पटेल, हितवा संगवारी संगठन प्रमुख रोमशंकर यादव, ललेश्वरी साहू, नरोत्तम साहू, कातरो सरपंच जितेंद्र सोनी, शौर्य संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल उपाध्यक्ष चिरंजीव निषाद, सचिव आदित्य भारद्वाज, युवा शक्ति संगठन बोरसी अध्यक्ष प्रशांत साहू, कर्मवीर संगठन कातरो अध्यक्ष शुभम सोनी, समाजसेवी संगठन अध्यक्ष चंचल साहू, हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र संचालिका गायत्री निषाद, छगन साहू, पंकज दीपक, मनीष, योगेश साहू एवं गौरव आदि उपस्थित थे।

### गांधी मेमोरियल हायर सेकेण्डरी स्कूल का शानदार परिणाम

**नंदिनी।** गांधी मेमोरियल हायर सेकेण्डरी स्कूल, नंदनी का सीबीएसई कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2025 - 26 का परिणाम उत्कृष्ट रहा। हर संकाय से विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्या रेवरेन्ट सिस्टर फिन्सी ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**भिलाई।** अपने शरीर पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना नेहरू नगर एरिया का है। मिली जानकारी के मुताबिक सूरज नामक युवक 24 वर्ष के युवक ने नेहरू नगर गार्डन के पास स्वयं को आग लगा लिया। आने जाने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूरज पचास प्रतिशत जल गया हुआ। आत्महत्या का प्रयास क्यों किया इसकी जांच जारी हुआ। जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### आईडीएफसी बैंक के तीस खाता धारक जांच के घेरे में

**भिलाई।** म्यूल खाते में लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि आईडीएफसी बैंक के 30 खाता धारक ने साइबर ठगी का लेनदेन किया। म्यूल खातो का परीक्षण करने के बाद पुलिस ने संदिग्ध खातों का परीक्षण किया जा रहा है। इन खातों में वर्ष 2024 से 2026 के मध्य लाखों रुपए का ट्रांसफर आहरित किया गया है। सूचना पुलिस को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समनवय पोर्टल से जानकारी मिली। मामले में उतई पुलिस खातों की जांच में जुटी हुई है।

### 17.35 करोड़ से होगा निर्माण, 298 चार पहिया की होगी पार्किंग

# इंदिरा मार्केट में बनेगी मल्टीलेवल पार्किंग, जाम से मिलेगी मुक्ति

**महापौर अलका बाघमार ने स्थल का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पुराना बस स्टैंड स्थित इंदिरा मार्केट में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग का काम जल्द शुरू होगा। इसकी निविदा प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। करीब 17.35 करोड़ रुपए की लागत से काम होगा। महापौर अलका बाघमार ने निगम अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया।

इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल, हर्षिका संभव जैन, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद थवानी, राजेन्द्र ढबाले, पंकज साहू, सिद्धार्थ साहू सहित ठेकेदार मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य प्रारंभ कर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए ताकि शहरवासियों को शीघ्र बेहतर पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो सके। महापौर ने काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



#### ट्रैफिक को नियंत्रित करने में मिलेगी मदद

महापौर ने कहा कि निगम द्वारा शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं यातायात सुधार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। मल्टीलेवल पार्किंग बनने से सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण लगेगा तथा बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति से भी राहत मिलेगी। प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग परियोजना बेसमेंट, ग्राउंड एवं दो फ्लोर सहित निर्मित की जाएगी। लगभग 298 कार पार्किंग क्षमता विकसित की जाएगी। इसके अतिरिक्त परिसर में 11 दुकानों का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे नागरिक सुविधाओं के साथ व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। एजेंसी करीब डेढ़ साल में काम पूरा करेगी।

#### लंबे समय से मल्टी लेवल पार्किंग की बाटजोह रहा शहर

बता दें कि पिछले लंबे समय से मल्टी लेवल पार्किंग की कार्ययोजना तैयार की जाती रही है। पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर और धीरज बाकलीवाल ने भी इस दिशा में व्यापक प्रयास किया, अब जाकर इस पर काम शुरू होने जा रहा है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर में लगातार बढ़ते यातायात एवं बाजार क्षेत्र में पार्किंग की समस्या को देखते हुए मल्टीलेवल पार्किंग परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के पूर्ण होने से इंदिरा मार्केट एवं पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी तथा आम नागरिकों, व्यापारियों एवं बाहर से आने वाले लोगों को व्यवस्थित पार्किंग सुविधा मिल सकेगी।

## स्टील लैडल लाइफ में बीएसपी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने इस्पात निर्माण के क्षेत्र में स्टील मेल्टिंग शॉप-2 एसएमएस- 2 एवं स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस 3 दोनों इकाइयों में अब तक की सर्वश्रेष्ठ स्टील लैडल लाइफ दर्ज की है। एसएमएस-3 में 153 हीट्स तथा एसएमएस- 2 में 151 हीट्स की रिकॉर्ड लैडल लाइफ प्राप्त कर उल्लेखनीय ट्विन सक्सेस स्टोरी स्थापित की है। इसमें सेल की रिफ्रैक्टरी निर्माण इकाइयों सेल रिफ्रेक्टरी कंपनी लिमिटेड और एसआरयू द्वारा रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स की आपूर्ति, तकनीकी सहयोग एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन ने लैडल प्रदर्शन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग में आयोजित केक कटिंग समारोह में कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने आरईडी टीम की हौसला आफजाई की।

### बीएसपी में सुरक्षा को लेकर कार्यशाला शुरू

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल सुरक्षा, स्वच्छता और जवाबदेही को अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में नई पहल मेरा क्षेत्र मेरी जिम्मेदारी प्रारंभ की गई है। यह पहल कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व देबदत्त सतपथी के नेतृत्व में की जा रही है। इस पहल के तहत संयंत्र के प्रमुख उत्पादन विभागों, कार्यस्थलों तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं औद्योगिक भवनों को अलग-अलग क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक क्षेत्र के लिए जिम्मेदारी व जवाबदेही के लिए एक कार्यपालक अधिकारी तथा आवश्यकता अनुसार कुछ गैर-कार्यपालकों को भी संबंधित क्षेत्र का एरिया ऑनर नामित किया गया है।इन्हें अपने कार्यक्षेत्र में हाउसकीपिंग, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, समग्र सुरक्षा व्यवस्था तथा वहां कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह व्यवस्था विभिन्न विभागों एवं क्षेत्र स्वामियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करेगी, जिससे कार्यस्थलों की सुरक्षा, अनुशासन एवं रखरखाव में निरंतर सुधार संभव हो सकेगा।







## निगम ने अवैध कब्जाधारियों को किया बेदखल



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जोन 3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में निर्माणाधीन अवैध कब्जा को ध्वस्त किया गया। इस दौरान पुलिस बल सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प-2 में तेल्हा नाला का चेनेलाइजेंशन कार्य प्रगति पर है। गौरव पथ के पास नाला के किनारे कब्जाधारियों द्वारा बिना अनुमति भवन निर्माण कर निवासरत है, जिससे कारण नाला निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। कब्जाधारियों के भवन स्वामित्व संबंधी दस्तावेज और भवन निर्माण अनुज्ञा दस्तावेज निगम कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत करने और अवैध कब्जा स्वयं से हटाने नोटिस भी दिया गया है। किन्तु आज दिनांक तक कब्जाधारियों ने स्वयं से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। कब्जा स्थल अति संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण बेदखली कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। बेदखली कार्रवाई के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव, बेदखली सहायक हरिओम गुप्ता मौजूद थे।

## समस्याओं को लेकर ताला लगाने की चेतावनी



**भिलाई।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा और दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने रिसाली नगर वार्ड 17 एचएससीएल कॉलोनी शिव पारा की जनता के साथ रिसाली नगर निगम पहुंचकर निगम आयुक्त के नाम पर अधिकारी सुनील दुबे को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी गई कि दो दिन के भीतर अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नगर निगम के गेट में ताला लगा दिया जाएगा।संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि रिसाली नगर निगम आज गर्मी की मार में जल रहा है, लेकिन निगम प्रशासन एसी कमरों में बैठकर केवल कागजी कार्रवाई में व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्टेशन मरोदा सहित कई वार्डों में महीनों से समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इनकी ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं। विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 16,17, 18 ,19, 20, 21 का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां के लोग इस भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक लोग पानी की तलाश में भटकते रहते हैं, कई जगहों पर टैंकर की व्यवस्था भी नहीं है। दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष की गीतेश्वरी बघेल ने कहा कि क्षेत्र समस्याएं गंभीर है। सड़कों की हालत इतनी खराब है कि आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है, वहीं नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी फैल रही है और बीमारियों का डर बढ़ रहा है।ज्ञापन सौंपने के दौरान गोविंदेश्वर वर्मा बूथ अध्यक्ष, बसंती साहू, रीता चौधरी, गीता चौधरी, लालती चौधरी, प्रेमन देवी, मालती यादव, गोनमती और अर्जुन चौधरी आदि उपस्थित थे।




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

लाइव इवेंट

## शिक्षा और युवाओं के विकास के लिए पदाधिकारियों ने ली शपथ



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कलार समाज दुर्ग मंडल के नवनिर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह जलाराम भवन, सिविल लाइन दुर्ग में संपन्न हुआ। दुर्ग मंडल का निर्वाचन गंजमंडी दुर्गा धाम, गंजपारा दुर्ग में किया गया था। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा की उपस्थिति में शपथ दिलाई गई। निर्वाचन अधिकारी छबि गजेंद्र ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर प्रमाण पत्र प्रदान किए। शपथ ग्रहण करने वालों में दुर्ग मंडल मंडलेश्वर शिवसागर सिन्हा, सचिव हीरालाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष विष्णु प्रसाद सिन्हा शामिल हैं। महिला मंच की नई अध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा, सचिव गीता सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष हेमलता सिन्हा बनीं। युवा मंच की कमान अध्यक्ष परमेश्वर सिन्हा, सचिव बिरेन्द्र सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष सुंदर सिन्हा को सौंपी गई। इनके अलावा मनोनीत कार्यकारिणी, क्षेत्राधिकारी, ग्राम प्रमुख, युवा प्रमुख व महिला प्रमुखों ने भी शपथ ली। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि कलार समाज हमेशा सामाजिक समरसता और जनसेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है। नई टीम समाज को एकजुट कर शिक्षा और युवाओं के विकास के लिए काम करे। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है।

लाइव इवेंट

## जिला स्तरीय विशाल रोजगार मेले का आयोजन 22 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग और छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सीएसआईटी के संयुक्त तत्वावधान में 22 मई को एक विशाल जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक से मिली जानकारी के अनुसार यह आयोजन शिवाजी नगर स्थित सीएसआईटी के परिसर में होगा। इस मेले के माध्यम से क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में करियर बनाने का एक सुनहरा अवसर मिलेगा। इस रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों के 10 नियोजकों द्वारा कुल 2,347 तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों पर भर्तियां की जाएंगी। 10वीं, 12वीं पास से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा और इंजीनियरिंग स्नातक की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी इस मेले में हिस्सा ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, मेडिकल क्षेत्र से जुड़े अभ्यर्थियों जैसे एमबीबीएस, बीएएमएस, नर्सिंग जीएनएम/एएनएम और पैरामेडिकल डिप्लोमा धारकों के लिए भी बड़ी संख्या में रिक्तियां उपलब्ध हैं। इच्छुक आवेदक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए रोजगार पंजीयन होना अनिवार्य है। रिक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी रोजगार विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.erojgar.cg.gov.in पद या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप पर देखी जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मालवीय नगर चौक स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग में सीधे संपर्क कर सकते हैं।

लाइव इवेंट

## यूथ हॉस्टल्स के सदस्यों ने फुलारा रिट्ज ट्रैकिंग में दी सहभागिता



**दुर्ग।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग भिलाई इकाई के तीन सदस्य उत्तराखंड के फुलारा रिट्ज ट्रैकिंग में शामिल हुए। इसमें दुर्ग भिलाई इकाई प्रेसिडेंट ऋषि कांत तिवारी कैम्प लीडर के रूप में अपनी सेवाएं देकर यूथ हॉस्टल्स छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किये हैं। अन्य दो सदस्य राजेश कुमार एवं विजय जैन हैं।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य शाखा सचिव के. सुब्रमण्यम ने बताया कि फुलारा रिट्ज की ऊंचाई समुद्र तल से 12128 फीट है । वहां चारों ओर बर्फ से घिरे पहाड़ों पर ट्रैकिंग का अनुभव अलग ही रोमांचकारी रहता है । सदस्यों के अनुसार रात में कैंप में माइनस चार डिग्री सेल्सियस तापमान में रहने का अनुभव बहुत ही ज्यादा चुनौतीपूर्ण और अविस्मरणीय रहा। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग भिलाई इकाई के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिभागियों को शुभकामना व्यक्त की हैं।

● ज्येष्ठ अमावस्या पर शनि देव का जन्मोत्सव और सुहागिनों का व्रत एक दिन, ज्योतिषियों ने बताया बेहद शुभ

# 15 सालों बाद 16 मई को बन रहा दुर्लभ संयोग, शनि जयंती और वट सावित्री पूजा एक साथ फलदायी

**भिलाई।** 16 मई को ज्योतिषीय दृष्टि से एक दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन शनिवार ज्येष्ठ अमावस्या पर एक ओर शनिदेव का जन्मोत्सव यानी शनि जयंती मनाई जाएगी, तो दूसरी ओर सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए वट सावित्री व्रत रखेंगी। आचार्य पं ऋषभ देव ने बताया कि वट सावित्री और शनि जयंती का एक दिन पड़ने का विशेष संयोग लगभग 15 साल बाद पड़ रहा है। जो सभी के लिए शुभ फलदायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि व्रतियों के लिए इन दिन पूजा करने का समय ब्रम्ह मुहूर्त से लेकर 11 बजे तक लाभदायक रहेगा। छत्तीसगढ़, यूपी, बिहार, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में मनाया जाने वाला वट सावित्री का पर्व इस बार शनि जयंती के साथ पड़ रहा है।



### ट्विनसिटी में तैयारियां शुरू



शनि जयंती को लेकर श्रमिक नगर छावनी स्थित पीताम्बर पीठ शनिदेव मंदिर में विराट अभिषेक की तैयारी है। यहां 16 मई को दोपहर 1 से 2 बजे तक अभिषेक होगा। वहीं सेक्टर-6, खुर्सीपार, सुपेला के शनि मंदिरों में भी विशेष पूजा होगी। वट सावित्री के लिए महिलाएं नेहरू नगर चौक, सिविक सेंटर स्थित वट वृक्षों के पास पूजा करेंगी। बाजार में पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। शनि जयंती और वट सावित्री का एक साथ आना सुहागिनों के लिए विशेष फलदायी माना गया है। इस दिन किए गए व्रत, दान और शनि पूजन से शनि की कुदृष्टि हटती है और दांपत्य जीवन में सुख बढ़ता है।

### यहां होगी वट सावित्री पूजा, महिलाओं ने शुरू की तैयारी

वट सावित्री के लिए सेक्टर-6 मां बम्लेश्वरी मंदिर, हनुमान मंदिर प्रांगण स्थित वट वृक्ष, सिविक सेंटर बड़ा वट वृक्ष, नेहरू नगर चौक, खुर्सीपार शीतला मंदिर परिसर, दुर्ग में गायत्री मंदिर के पास वट वृक्ष, राजेंद्र पार्क स्थित बड़ा वट वृक्ष, पुलगांव नाका शिव मंदिर परिसर सहित अन्य स्थानों पर 16 मई को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक विशेष पूजा की व्यवस्था है। जहां पंडित भी उपलब्ध रहेंगे।

वट सावित्री व्रत के लिए सुहागिनों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। पूजा के लिए बाजार में बांस की टोकरी, कच्चा सूत, चना, गुड़, पूड़ी, हलवा, फल, मिट्टी के दीपक, सिंदूर, लाल चूड़ी-बिंदी की दुकानें सज गई हैं। सुपेला, पावर हाउस और दुर्ग गोलबाजार में विशेष भीड़ दिख रही है।

### एक साथ क्यों पड़ी तिथि

पंडितों के अनुसार वट सावित्री व्रत हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। इसी तिथि को सूर्य पुत्र शनिदेव का जन्म भी हुआ था, इसलिए ज्येष्ठ अमावस्या को ही शनि जयंती मनाते हैं। इस तरह हर साल वट सावित्री और शनि जयंती एक ही दिन होती है। फर्क सिर्फ इतना है कि वट सावित्री व्रत कुछ क्षेत्रों में ज्येष्ठ पूर्णिमा को भी रखा जाता है, जिसे पूर्णिमांत व्रत कहते हैं। लेकिन अमावस्यांत पंचांग मानने वाले छत्तीसगढ़, यूपी, बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में अमावस्या को ही वट सावित्री होती है। इसलिए यहां हमेशा शनि जयंती और वट सावित्री एक साथ पड़ती है।

### वट सावित्री और शनि जयंती का विशेष लाभ



आचार्य पं ऋषभ देव उपाध्याय ने बताया कि इस बार 16 मई को शनिवार है। शनिवार का दिन शनिदेव को समर्पित है। ऐसे में ज्येष्ठ अमावस्या शनिवार को पड़ना और उसी दिन शनि जयंती होना बेहद शुभ संयोग है। लगभग 15 साल बाद शनि जयंती और वट सावित्री व्रत एक साथ का विशेष संयोग सभी के लिए शुभफलदायी होगा। शनि देव न्याय के देवता हैं। इस दिन शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या से पीड़ित लोगों के लिए तेल अभिषेक, दान-पुण्य करना हजार गुना फलदायी माना गया है।

वहीं वट सावित्री पर सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दिन वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों देवों का वास माना जाता है। शनि अमावस्या पर वट वृक्ष की पूजा करने से शनि दोष भी शांत होते हैं। यानी इस बार महिलाओं को दोहरा लाभ मिलेगा।

### क्या करें 16 मई को

पंडितों के अनुसार सुबह शनि मंदिरों में तेल, काले तिल, उड़द, काले वस्त्र का दान करें। ॐ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जाप करें। दोपहर को वट वृक्ष के नीचे सावित्री-सत्यवान की कथा सुनें। वट वृक्ष में कच्चा सूत लपेटकर 7 परिक्रमा करें। शाम को पीपल या शमी वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

### ग्रुप में होगी पूजा, सुनेंगी कथा

इस दिन के लिए महिलाएं तैयारियों में जुटी हुई है। वे इस दिन मेहंदी लगवाकर सोलह श्रृंगार करेंगी। जिसके लिए ब्यूटी पार्लरों में व्रत स्पेशल पैकेज चल रहे हैं। वहीं कई कॉलोनियों में महिलाएं एक साथ वट वृक्ष के नीचे कथा सुनने की तैयारी कर रही हैं। सेक्टर-4, 5 और रिसाली क्षेत्र में 50-50 महिलाओं के ग्रुप बने हैं।

नई नवेली दुल्हनें इस साल जिनकी पहली वट सावित्री है, वे खास उत्साहित हैं। मायके से बायना और पूजा का सामान आ रहा है। पंडितों ने बताया कि व्रती महिलाएं सुबह खाली पेट वट वृक्ष की पूजा करें। व्रत रखने वाली महिलाएं फलाहार कर सकती हैं। वट वृक्ष की 7 परिक्रमा करते समय वट सिंचामि मंत्र बोलें।

## आयुष यूनिवर्सिटी के एमडीएस पार्ट-2 के नतीजे रूंगटा डेंटल कॉलेज के स्टूडेंट्स बने यूनिवर्सिटी टॉपर

**भिलाई।** आयुष हेल्थ यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च प्राप्तांक के सूची के अनुसार यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता में टॉप 10 में से टॉप 9 स्थान रूंगटा डेंटल कॉलेज के होनहार छात्र छात्राओं ने हासिल किया। जिसमें देबलीना वैद्य ने प्रथम स्थान, बी ,पल्लवी ने द्वितीय स्थान, शिवरान तृतीय स्थान, वर्मा मलाईका दीपक ने चतुर्थ स्थान, किलारी अंजू नायडू ने पांचवा स्थान, अग्रवाल संजना सुरेश ने छठवां स्थान, चंदन सिंह ने सातवां स्थान, शिवानी किरण ने नवा स्थान तथा जाधव श्रृष्टि प्रकाश ने दसवां स्थान प्राप्त किया। रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, जो कि नैक ए ग्रेड से मान्यता प्राप्त एक अग्रणी संस्थान है। जिसने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है।

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में एम.डी.एस. पार्ट-2 में भिन्न-भिन्न विषय में भी सर्वोच्च प्राप्तांक के अनुसार सत्र 2024 एवं सत्र 2025 के टॉप 10 एवं टॉप 5 छात्र छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। संलग्न सूची में रुंगटा डेंटल कॉलेज के छात्र छात्राओं ने हर बार की तरह इस बार भी परचम लहराया, जिसमें पेरियोडॉन्टिक्स में टॉप 5 में से टॉप 4 डेंटल कॉलेज के शिवानी किरण ने प्रथम, राउत आकांक्षा विनोद ने द्वितीय, अध्यलकर निधि दीपक ने



चतुर्थ और वियंका शर्मा ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। पीडोडॉटिक्स में देबलीना बाध्या ने प्रथम और बी .पल्लवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रोस्थोडोन्टिक्स में अग्रवाल संजना सुरेश प्रथम, अंकिता ठाकुर ने तृतीय और महिमा हरीश ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर रूंगटा समूह के चेयरमैन संजय रूंगटा ने छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देते हुए उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। वहीं कॉलेज के डीन डॉ कार्तिक कृष्णा एम. ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह उत्कृष्टता की राह पर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग के विद्यार्थियों ने नाटक की दी प्रस्तुति






**दुर्ग।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग जिले से सन शाइन हायर सेकेंडरी स्कूल, दुर्ग के विद्यार्थियों ने नाटक प्रतियोगिता में भाग लिया एवं अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रौशन किया।नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में नम्रता साहू, कंचन कौशिक, शिफा अंजुम, भाग्यश्री, अनुष्ठा टंडन, हिमांशु सोनकर, करन कुमार साहू, मोहम्मद आतिफ, रमेश कुमार साहू, प्रणमय दुबे, मीनाक्षी सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या नम्रता नागर के मार्गदर्शन एवं शिक्षक लोमन कुमार साहू एवं प्रगति मोहबे के विशेष सहयोग से प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

कामधेनु विवि अंजोरा में गाय-भैंस पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा में गाय एवं भैंस पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। 13 से 15 मई तक आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को गाय-भैंस की विभिन्न नस्लें, बधियाकरण, नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, प्रसव एवं आहार प्रबंधन, बीमारियां व रोकथाम की जानकारी, साथ ही शासन द्वारा गाय-भैंस पालन के लिए बैंक लोन प्रक्रिया, हरे चारे का महत्व, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन तकनीक एवं दुग्ध का वैल्यू एडिशन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जायेगी। छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में 36 प्रशिक्षणार्थी शामिल रहे। इस दौरान वक्ताओं ने परंपरागत पद्धति से पशुपालन में नवीनतम वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग करते हुए बदलाव लाने और नवाचार पर जोर दिया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ अवसर पर कुलपति डॉ. आर.आर.बी. सिंह, अधिष्ठाता डॉ. सुशांत पाल, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. मनोज गेंदले, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. दुर्गा चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रक्षेत्र एवं अधिष्ठाता डॉ. धीरेन्द्र भोंसले ने की। इस दौरान

## परंपरागत पद्धति से पशुपालन में नवीनतम वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग कर बदलाव लाने दिया जोर, उद्यमिता विकास पर फोकस, 36 प्रशिक्षणार्थी ले रहे भाग



विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति से काजल कश्यप एवं प्रशिक्षण आयोजक डॉ. रामचन्द्र रामटेके मौजूद रहे।

प्रशिक्षण आयोजक डॉ. रामचन्द्र रामटेके ने बताया कि तीन दिन में प्रशिक्षणार्थियों को गाय-भैंस की विभिन्न नस्लें, बधियाकरण, नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, प्रसव एवं आहार प्रबंधन, बीमारियां व रोकथाम की जानकारी दी जाएगी। साथ ही छत्तीसगढ़ एवं केंद्र शासन द्वारा गाय-भैंस पालन के लिए बैंक लोन प्रक्रिया, हरे चारे का महत्व, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन तकनीक एवं दुग्ध का वैल्यू एडिशन जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग कर बदलाव जरूरी

इस दौरान डॉ. धीरेन्द्र भोंसले ने कहा कि परंपरागत पद्धति से पशुपालन में नवीनतम वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग करते हुए बदलाव लाना आवश्यक है। व्यवसाय एवं उद्यमिता में अंतर को समझना और कुछ नया सीखना जरूरी है। डॉ. दुर्गा चौरसिया ने कहा कि प्रशिक्षणार्थी ज्ञान को समर्पण भाव से सीखकर पशुपालक एवं किसान राष्ट्र के विकास में योगदान दें। आज ऑर्गेनिक फार्मिंग की जरूरत है। डॉ. एम.के. गेंदले ने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन कर पशुपालक अपनी आय बढ़ा सकते हैं। अच्छे नस्ल के जानवर, वैज्ञानिक आहार, प्रबंधन, समय पर टीकाकरण और एकीकृत फार्मिंग अपनाकर आय में वृद्धि संभव है।

डॉ. एस. पॉल ने प्रशिक्षणार्थियों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान को प्रश्न-उत्तर के रूप में नोट्स तैयार कर प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनाली प्रुष्टि ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. शबीर अनंत द्वारा किया गया।



## सिटी इवेंट

### टैगोर जयंती पर हिंदू मिलन मंदिर में होगा आयोजन



**भिलाई।** विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती के अवसर पर रिसाली स्थित हिन्दू मिलन मंदिर में 16 मई को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संध्या 7 बजे शुरू होने वाले इस आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति पदाधिकारी, वरिष्ठ नागरिक और साहित्य और संस्कृति प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

■ भानुसिंहेर पदावली पर आधारित संगीतमय नृत्य-नाटिका होगी आकर्षण का केन्द्र

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न समितियों का गठन किया गया और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वक्ताओं ने कहा कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर भारतीय साहित्य, संस्कृति और मानवता के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनकी रचनाएं आज भी समाज को नई दिशा देती हैं और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, टैगोर के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया जाएगा। इसके बाद काव्य पाठ, गीत-संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर चलेगा। आयोजन का मुख्य आकर्षण टैगोर की कालजयी रचना भानुसिंहेर पदावली पर आधारित संगीतमय नृत्य-नाटिका होगी। इसमें राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम, विरह, मिलन, भक्ति और प्रकृति-सौंदर्य को गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से मंचित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार प्रस्तुति दर्शकों को भाव-विभोर कर देगी।कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में स्वामी शिवरूपानंदजी, मुख्य अतिथि के रूप में पवन कुमार तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रबीर सरकार उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रणब सेनगुप्ता, शक्तिपद चक्रवर्ती, गोपाल सामंतो और अनिल कुमार सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंदिर के सचिव सुभाष साहा और सांस्कृतिक सचिव श्रौती साहा घोष के निर्देशन में कलाकारों की संयुक्त टीम पिछले तीन महीनों से प्रस्तुति की तैयारी में जुटी हुई है। समिति ने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

● आनंद सरोवर में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन का सेमिनार

# जीवन जीना ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र, मिट्टी, पानी, धूप और नींद जीवन में ऊर्जा के आधार

**दुर्ग।** मिट्टी, पानी, धूप और नींद स्वस्थ जीवन और ऊर्जा के आधार हैं। प्राकृतिक नियमों के अनुसार जीवन जीना ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। यह बातें आचार्य डॉ. अजय आर्य ने दुर्ग स्थित आनंद सरोवर ब्रह्माकुमारी केंद्र में कही। यहां इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन, छत्तीसगढ़ द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि योग गुरु ममता साहू ने नाभि को शरीर का प्रमुख केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि नाभि में लगभग 72,000 नाड़ियां मिलती हैं। नियमित रूप से नाभि में तेल लगाने की परंपरा स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। उन्होंने प्रतिभागियों को भस्त्रिका प्राणायाम, ताड़ासन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी कराया। प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. मेघराज साहू एवं डॉ. मेहराज साहू ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा से किडनी, मधुमेह, ब्लड प्रेशर एवं माइग्रेन जैसी समस्याओं में उल्लेखनीय लाभ देखा गया है। उन्होंने पेट की सफाई और प्राकृतिक आहार को स्वास्थ्य सुधार का आधार बताया।








### आपकी रसोई है पहली क्लीनिक

वक्ताओं ने कहा कि हमारी रसोई ही पहला उपचार केंद्र है। अजवाइन पाचन सुधारती है, जीरा भूख बढ़ाने और एसिडिटी कम करने में सहायक है। सरसों सर्दी-खांसी और सूजन में लाभकारी है, जबकि हल्दी प्राकृतिक एंटीसेप्टिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि है। इन घरेलू उपायों से कई सामान्य रोगों का उपचार संभव है।

### मिट्टी-पानी सबसे सस्ती चिकित्सा

प्रमुख वक्ता आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि मिट्टी, पानी और धूप की चिकित्सा सबसे सरल, सस्ती और प्रभावी है। जीवनशैली में सुधार, समय पर भोजन, पर्याप्त नींद और नियमित योग-प्राणायाम स्वस्थ जीवन का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति प्राकृतिक नियमों से जीवन जीता है तो वह स्वयं के साथ देश के विकास में भी योगदान देता है। डॉ. निर्मला गुप्ता ने मड थेरेपी के अंतर्गत मुल्तानी मिट्टी से फेस पैक बनाना, आई वॉश, जल नेति तथा मिट्टी पट्टी की क्रियाओं का लाइव प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने इन क्रियाओं में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी रीता बहन उपस्थित रही। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन, छत्तीसगढ़ के स्टेट कन्वीनर मनोज ठाकरे ने बताया कि संगठन द्वारा देश-प्रदेश में महिलाओं और आमजन के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि आने वाले  सप्ताह में मड स्नान एवं मड थेरेपी पर विशेष प्रयोगात्मक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रशांत क्षीरसागर, किशोर कन्नौजे, समाज सेविका ललित सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीता चौरसिया ने किया।

## धर्म लाइव

### आमा गोही का विमोचन, छंद रतन सम्मान से हुए सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य को समृद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भिलाई के साहित्यकार विजेन्द्र कुमार वर्मा नगरगांव वाले की नवीन कृति आमा गोही का विमोचन रायपुर में संपन्न हुआ। कुण्डलिया छंद में रचित इस संग्रह में 186 कुण्डलियां संकलित हैं जो सामाजिक सरोकारों और जनजीवन के विविध पक्षों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करती हैं। छंद साधना में उल्लेखनीय योगदान के लिए विजेन्द्र वर्मा को छंद रतन सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा रहे। अध्यक्षता प्रोफेसर अशोक तिवारी, सी.वी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार सरला शर्मा दुर्ग, डॉ. सुधीर शर्मा भिलाई, सपना निगम दुर्ग तथा छंद के छ के संस्थापक अरुण निगम मौजूद रहे।मुख्य अतिथि प्रभात मिश्रा ने कहा कि आमा गोही छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास की दिशा में अहम साहित्यिक उपलब्धि है। यह कृति समाज का दर्पण बनकर आम जनजीवन की समस्याओं और सांस्कृतिक चेतना को प्रतिबिंबित करती है। प्रो. अशोक तिवारी ने कहा कि कुण्डलिया जैसे कठिन छंद में सामाजिक विषयों को पिरोना लेखक की साधना दर्शाता है। विजेन्द्र वर्मा इससे पूर्व छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रथम मनहरण घनाक्षरी छंद संग्रह जयकारी के रंग के लिए सराहना प्राप्त कर चुके हैं। वे समता साहित्य अकादमी जिला दुर्ग के सचिव हैं। नवीन कृति के विमोचन पर डॉ. डी.पी. देशमुख, डॉ. सुरेश ठाकुर, डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल, डॉ. सुरेश तिवारी, नीता देशमुख, डॉ. गिरधर चंद्रा एवं संगीता वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया। सभी ने आमा गोही को छत्तीसगढ़ी साहित्य जगत के लिए महत्वपूर्ण धरोहर बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं छंदकार उपस्थित रहे।



## गनियारी में क्रिकेट प्रतियोगिता

# शहीद वीर नारायण सिंह इलेवन ने जीता जीपीएल का खिताब, खिलाड़ी सम्मानित



**भिलाई।** ग्राम गनियारी भिलाई तीन में आयोजित जीपीएल का फाइनल मुकाबला में शानदार प्रदर्शन करते हुए शहीद वीर नारायण सिंह इलेवन ने जीत हासिल की। जबकि चंद्रशेखर आजाद इलेवन उपविजेता बनकर उभरा। डॉ. भीमराव अंबेडकर इलेवन ने तृतीय और जय हिंद इलेवन का चौथा स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार में मैन ऑफ द सीरीज टिकेश्वर ख़ुटेल , बेस्ट बैट्समैन टिकेश्वर ख़ुटेल, बेस्ट बॉलर दुर्गेश, बेस्ट क्षेत्ररक्षक तेजेश्वर रिगरी, सर्वाधिक छक्का टिकेश्वर खुटेल,फाइनल मैच में मैन ऑफ दी मैच मनी राम को दिया गया। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को 11 हजार रुपए, 7 हजार रुपए, 5 हजार और 3 हजार रुपए का पुरस्कार राशि आकर्षक ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर निर्मिल कोसरेथे। अध्यक्षता पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू ने किया। अति विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, धर्मेंद्र कोसरे थे। इसके अलावा विशेष अतिथि के रूप में डॉ निर्मला भारती, लता ठाकुर, बसंत ठाकुर, राजेश बघेल, पुरुषोत्तम पटेल, भीखम चंद्र साहू, मंगल पारधी, चंद्र शेखर साहू, रमेश ठाकुर, संतोष साहू, मंगल ढीमर, गोविंद ठाकुर, चिंताराम ठाकुर, केशव रिगरी, पुरानिक ठाकुर, संतोष यादव आदि मौजूद थे। निर्मल कोसरे ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का सबसे बड़ा विद्यालय है। गनियारी प्रीमियर लीग ने गांव के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया है। पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू ने कहा कि गनियारी की धरती पर खेल और सामाजिक समरसता का यह अद्भुत संगम अत्यंत प्रेरणादाई है। यहां बच्चों से लेकर वरिष्ठ खिलाड़ियों तक सभी का उत्साह यह दर्शाता है। प्रेमलाल साहू ने प्रभावी शैली में कहा कि जीपीएल केवल क्रिकेट नहीं, बल्कि गांव की एकता, युवा शक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव है। प्रतियोगिता में जिन महान विभूतियां के नाम पर टीमों का गठन किया गया। संचालन युगांत गिरी गोस्वामी व आभार प्रदर्शन धमेन्द्र कोसरे ने किया।

## कई खिताब उनके नाम

# स्टील सिटी की एकता बनी इंडिया यूनिवर्स 2026

**भिलाई।** इस्पात नगरी की मिसेज एकता वर्मा को मिसेज इंडिया यूनिवर्स 2026 का विजेता घोषित किया गया। अपने प्रतिभा उच्च शिक्षा के दम पर यह पुरस्कार गोवा में अर्जित की है।एकता वर्मा भिलाई सेक्टर-10 की निवासी है, उनकी प्रारंभिक शिक्षा इंग्लिश मीडियम से हुआ है। इंग्लिश, हिंदी और स्थानीय भाषा में अच्छी पकड़ रखती है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मास्टर की डिग्री हासिल की हुई है।



एकता वर्मा के पिता एस सी वर्मा और माता लीला वर्मा है। मिसेज़ वर्मा मल्टी टैलेंटेड महिला के रूप में एक मॉडल होने के साथ-साथ टीचर, इन्फ्लुएंसर भी हैं। हाल ही में एसएस फाउंडेशन द्वारा अयोजित गोवा में पेजेंट फैशन शो 2026 में देश के अन्य भागों से कई प्रतिभाशाली शामिल हुई। जिसमे भिलाई की एकता वर्मा को मिसेज इंडिया यूनिवर्स 2026 का विजेता घोषित कर सम्मान से नवाजा गया। एकता वर्मा मध्यम वर्गीय समाज से आती हैं। उन्होंने बताया कि सपने बहुत हैं अपने आप को स्टार बनते हुए देखना चाहती हूं। विगत 2 वर्षों से मॉडलिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही हूं रनवे और पेगेंट शो मे कई पुरस्कार से नवाजा जा चुका है।

### पीएम गति शक्ति पोर्टल में मिलेगी, सड़क, नदी, तालाब और हेल्थ सेंटरों की जानकारी

**दुर्ग।** पीएम गति शक्ति पोर्टल के संबंध में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, वनमण्डलाधिकारी दीपेश कपिल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कार्यशाला में उद्योग संचालनालय की मास्टर ट्रेनर मौसमी राहा, उप संचालक कुमुद मिश्रा, सहायक संचालक अनुभूति श्रेया एवं सलाहकार प्रिया ने अधिकारियों को पोर्टल की उपयोगिता और कार्य प्रणाली की जानकारी दी। सरल शब्दों में कहें तो यह एक स्मार्ट इंटरेक्टिव मानचित्र है जिसमें सड़कें, रेलवे, नदियाँ, जंगल, गाँव, अस्पताल, स्कूल, खदाने, बिजली लाइनें इत्यादि सरकारी डेटा लेयर जैसी सभी महत्वपूर्ण जानकारी एक ही स्क्रीन पर देखी जा सकती हैं। इससे जिला स्तर के अधिकारी पोर्टल के माध्यम से सीधे यह पता लगा सकते हैं कि किसी गांव से निकटतम अस्पताल कितनी दूर है।

## मातृ दिवस पर विशेष सत्संग व वैदिक प्रवचन में उमड़े श्रद्धालु

# मां की आवाज से ज्यादा मोबाइल की रिंगटोन सुनाई दे, वहां संस्कारों की बैटरी डाउन हो रही



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आर्य समाज में मातृ दिवस के अवसर पर विशेष सत्संग, वैदिक प्रवचन और भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति के महत्व, संस्कारों की परंपरा तथा वैदिक संस्कृति में माता के सर्वोच्च स्थान पर विस्तार से चर्चा करते हुए आचार्य ने कहा कि आजकल बच्चे मोबाइल का पासवर्ड तो याद रखते हैं, लेकिन मां की दवाई का समय भूल जाते हैं। जिस घर में मां की आवाज से ज्यादा मोबाइल की रिंगटोन सुनाई दे, समझ लीजिए वहां संस्कारों की बैटरी डाउन हो रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त किया।




### स्वामी दयानंद ने मां को माना प्रथम गुरु

कार्यक्रम में आचार्य डॉ. अजय ने कहा कि महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने स्पष्ट कहा था कि माता ही प्रथम गुरु है। मनुष्य का पहला विद्यालय मां की गोद और पहला संस्कार मां के आंचल से मिलता है। उन्होंने कहा कि संसार में अनेक ऋण चुकाए जा सकते हैं, किन्तु माता का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। मां त्याग, तपस्या, प्रेम और करुणा की साक्षात प्रतिमा है।

### 'मातृदेवो भव' का दिया संदेश

आचार्य ने तैत्तिरीय उपनिषद् का उल्लेख करते हुए कहा कि मातृदेवो भव यानी माता को देवतुल्य मानो। जिस घर में मां का सम्मान होता है, वहां सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। उन्होंने गुरु नानक देव की वाणी और संत कबीर की वाणी सुनाकर समझाया कि मां अपने कष्ट सहकर परिवार और समाज का निर्माण करती है। प्रवचन के दौरान आचार्य ने कहा कि पहले बच्चे मां के चरण छूकर स्कूल जाते थे, अब कई बच्चे वाई-फाई का सिग्नल देखकर उठते हैं। आधुनिकता अच्छी है, किन्तु संस्कारों की जड़ें मजबूत रहनी चाहिए।

### वेदों में नारी आधारशिला

कार्यक्रम में प्रमिला सरपाल ने सत्यार्थ प्रकाश का वाचन किया और महर्षि दयानंद के विचार सरल भाषा में रखे। शिपि आर्य ने वैदिक मंत्रों की व्याख्या करते हुए बताया कि वेदों में नारी और माता को समाज की आधारशिला माना गया है। मां केवल पालन नहीं करती, बल्कि संस्कार, धर्म और चरित्र निर्माण की प्रथम पाठशाला भी है।कार्यक्रम के अंत में रवि आर्य ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मातृ दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि प्रतिदिन मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होना चाहिए।वैदिक मंत्रोच्चार, भजन एवं प्रवचनों से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। कार्यक्रम में आचार्य अंकित शर्मा, राजीव नागपाल, सुदर्शन गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, अवनी भूषण पुरंग, यतन्द्र पुरंग, अरविंद मिश्रा, शुभ्रा नागपाल, सुनीता गुप्ता, मधु गुप्ता, ज्योति पुरंग, सोनिया पुरंग, कमलेश आर्य सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर की 7 विकेट से जीत




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित यूथ कप (द्वितीय वर्ष) के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न टीमों के बीच शानदार मैच हुए। टीम क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी भिलाई विरुद्ध इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर में परिणाम इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर ने 7 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच धनंजय बैरागी को लक्ष्मी साहू के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी 70 रन पर आउट हो गई। अक्षत डोंगरे एवं विपुल निषाद ने 12-12 रन बनाए। गेंदबाजी में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर के धनंजय बैरागी ने तीन विकेट, श्रेयांश शर्मा एवं ओजस डोडवानी ने दो दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी ने तीन विकेट पर 72 रन, लोकेश सिद्धार्थ ने नॉट आउट 27 रन और कप्तान यश शादीजा ने नॉट आउट 15 रन बनाए। गेंदबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के लकी देशमुख और प्रियांशी यदु ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट रहा। मैच के अंपायर नुगेश्वर डहरिया एवं आलोक जांगिड़ तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे।

### टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी में ईस्ट और वेस्ट जोन विजेता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-23 एवं सीनियर महिला टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अन्तर्गत बुधवार को शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन में ईस्ट जोन ने 10 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने 9 विकेट पर 92 रन, सेजल वर्मा ने 26 रन एवं कल्पना पांडे ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन से प्रांशु प्रिया एवं शिवानी यादव ने दो-दो विकेट दिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 96 रन बिना कोई विकेट खोए बनाए। कप्तान नेहा बड़वाईक ने नॉट आउट 66 रन और रूमा दास ने नॉट आउट 24 रन बनाए।

कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम वेस्ट जोन ने छह विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 4 विकेट पर 128 रन, शिल्पा साहू ने नॉट आउट 45 रन, मोनिका श्रीवास ने नॉट आउट 45 रन, गेंदबाजी में वेस्ट जोन की उर्मिला हरिना, अनम खान एवं राधिका नेताम ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट रहा। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 4 विकेट पर 129 रन, निधि सूर्यवंशी ने 46 रन, कुमुद साहू ने 31 रन, सोनाली यादव ने 18 रन, कामना यादव ने नॉट आउट 15 रन और श्वेता देवांगन ने नॉट आउट 11 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन से दीप्ति ढीमर ने दो एवं श्रीलता ने एक विकेट लिया।

### अंडर-16 एलिट ग्रुप के मुकाबले जारी है विभिन्न शहरों में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत चौथे राउंड के तीसरे दिन बुधवार को विभिन्न शहरों में शानदार मैच हुए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम बिलासपुर विरुद्ध राजनांदगांव में परिणाम बिलासपुर ने 7 विकेट से जीत हासिल कर 6 अंक प्राप्त किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध कवर्धा में परिणाम प्लेट कंबाइंड ने 10 विकेट से जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में हुए मैच में टीम बीएसपी विरुद्ध कोरबा में बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी टीम पहली पारी में 303 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरबा पहली पारी में 129 रन पर आउट हो गई। फॉलोआन खेलते हुए कवर्धा की दूसरी पारी का स्कोर 8 विकेट पर 149 रन रहा। धमतरी में टीम दुर्ग विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग टीम पहली पारी में 171 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन पहली पारी 302 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 267 रन बनाए।

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए जरूरी सुझाव

# चिलचिलाती धूप का सीधा असर पड़ता है बच्चों की सेहत पर, सावधानी बरतना ही आज सबसे बड़ी समझदारी

अस्पतालों में रोजाना गर्मी के कारण होने वाली समस्याओं के साथ कई बच्चे आ रहे हैं, इसलिए सभी माता-पिता को इन दिनों अतिरिक्त सावधान बरतनी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए स्कूलों के लिए कुछ सुझाव दिए हैं।

देश के अधिकतर राज्य इन दिनों बढ़ती गर्मी का प्रकोप झेल रहे हैं। कई स्थानों पर तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस तरह की बढ़ती गर्मी का सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। 40 से अधिक के तापमान के कारण हीटस्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है, जो पूरे शरीर के कार्यों को प्रभावित करने वाली हो सकती है।

वैसे तो इस भीषण गर्मी से बचाव करते रहना सभी के लिए आवश्यक है पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चे और बुजुर्गों की सेहत पर लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। चूंकि बच्चे स्कूल जाते हैं, बाहर खेलते हैं इस वजह से उनमें हीट स्ट्रोक का जोखिम अधिक हो सकता है।

सभी माता-पिता ये सुनिश्चित करें कि बच्चे धूप के सीधे संपर्क में कम से कम आएं और गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए उपाय करते रहें।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने तेज गर्मी में बच्चों की सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी सुझाव दिए हैं जिसके बारे में माता-पिता को जानना और इसका पालन करते रहना जरूरी है।

### बढ़ती गर्मी का बच्चों की सेहत पर असर

बढ़ा हुआ तापमान बच्चों की सेहत पर गंभीर असर डाल सकता है। बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) वयस्कों की तुलना में कमजोर होती है, जिससे वे हीटवेव, डिहाइड्रेशन और अन्य गर्मी से जुड़ी बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट्स के अनुसार, हीट स्ट्रोक बच्चों में जानलेवा हो सकता है, खासकर 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में इसके कारण गंभीर जोखिमों को डर रहता है।



अस्पतालों में रोजाना गर्मी के कारण होने वाली समस्याओं के साथ कई बच्चे आ रहे हैं, इसलिए सभी माता-पिता को इन दिनों अतिरिक्त सावधान बरतनी चाहिए।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिए जरूरी सलाह

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए स्कूलों के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करें। साफ और सुरक्षित पानी के लिए वाटर कूलरों की नियमित रूप से सफाई करें और निगरानी करें। छात्र और शिक्षकों के नियमित स्वच्छता संबंधी आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त जल भंडारण सुनिश्चित करें। कक्षाओं को प्राकृतिक या कृत्रिम तरीके, जैसे पंखे, कूलर आदि से अच्छी तरह हवादार रखें। विशेष रूप से लू की चेतावनी के दौरान, अत्यधिक धूप के दौरान (12-3 बजे) किसी भी बाहरी गतिविधियों से बचें।

बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शरीर को ठंडा रखने के महत्व के बारे में बतायें। एक खास अंतराल




पर घंटी बजाकर बच्चों को पानी पीने के बारे में याद दिलाएं।बच्चों को गर्मी/लू से संबंधित संकेत एंव लक्षणों को पहचाने के बारे में और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बतायें। बच्चों को उनके मूत्र के रंग से शरीर में पानी की कमी के लक्षणों की पहचान करने के लिए शिक्षित करें।

तापमान बढ़ने से बच्चों को होने वाली मुख्य समस्याएं

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अधिक तापमान में रहने वाले बच्चों को हीट स्ट्रोक हो सकता है। इसमें शरीर का तापमान 40 डिग्री से अधिक हो जाता है। इसके अलावा चक्कर-उल्टी आने, सांसे और धड़कन बढ़ने, बेहोशी जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

गर्मी के दिनों में बच्चों में डिहाइड्रेशन का भी खतरा रहता है। इसके कारण अत्यधिक प्यास लगने, पेशाब कम लगने, होंठ-जीभ सूखने, सुस्ती या चिड़चिड़ापन जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं। इससे बचे रहने के लिए दिनभर में बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाते रहें।



# जरूरत से ज्यादा सोचने से हैं परेशान तो दिनचर्या में शामिल करें कुछ आदतें

आज के समय में ओवरथिंकिंग की समस्या से बहुत से लोग परेशान हैं। इसलिए आइए इस लेख में कुछ ऐसी आदतों के बारे में जानते हैं जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में शामिल करके ओवरथिंकिंग को दूर कर सकते हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अधिकतर लोग ओवरथिंकिंग यानी जरूरत से ज्यादा सोचने की समस्या से परेशान हैं। बार-बार एक ही बात को सोचना, भविष्य की चिंता करना या पुरानी घटनाओं को याद करके परेशान होना आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। इतना ही नहीं ये आदत आपके प्रोडक्टिविटी को भी नुकसान पहुंचाता है। इससे तनाव, चिंता और नींद की कमी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, ओवरथिंकिंग को कंट्रोल करने के लिए दिनचर्या में कुछ साधारण आदतों को शामिल कर सकते हैं। ये आदतें आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकती हैं। आईए, कुछ प्रमुख आदतों के बारे में जानते हैं जो आप अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।

### जर्नलिंग करें

जब दिमाग में ढेर सारे विचार एक साथ आते हैं, तो उन्हें



कागज पर लिखना शुरू करें, ये एक प्रभावी प्रयोग है, जो आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। अपने विचारों, चिंताओं या डर को डायरी में लिखने से मन हल्का होता है और विचारों को व्यवस्थित करने में मदद मिलती है। यह प्रक्रिया न केवल ओवरथिंकिंग को कम करती है, बल्कि समस्याओं का समाधान ढूंढने में भी सहायक है।

**कैसे करें:** रोजाना 10-15 मिनट निकालकर अपनी भावनाओं और विचारों को बिना जज किए लिखें। इससे मन शांत होगा और ओवरथिंकिंग कम होगी।

### वर्तमान में जीने की आदत डालें

ओवरथिंकिंग का मुख्य कारण भविष्य की चिंता या अतीत को बार-बार याद करना है। वर्तमान में रहने की आदत इस समस्या को कम कर सकती है। वर्तमान में ध्यान केंद्रित करने से दिमाग शांत रहता है और अनावश्यक विचारों का बोझ कम होता है।

**कैसे करें:** रोजाना 5-10 मिनट मेडिटेशन करें। खाना खाते समय उसका स्वाद महसूस करें या जो भी काम कर रहे हैं उसके बारे में सोचें और आनंद लें।

### स्क्रीन टाइम सीमित करें

खाली समय में फोन का अत्यधिक इस्तेमाल, खासकर सोशल मीडिया, ओवरथिंकिंग को बढ़ावा देता है। सोशल मीडिया पर दूसरों की जिंदगी देखकर तुलना करना या नकारात्मक खबरें पढ़ना चिंता को बढ़ाता है। दिन में 1-2 घंटे खुद के लिए समय जरूर निकालें। उस समय में आप अपनी पसंदीदा काम करें, जैसे- संगीत सुनें, किताब पढ़ें, या गार्डेनिंग करें। ध्यान रखें इस निश्चित समय के लिए फोन का नोटिफिकेशन बंद करें।

### दोस्तों से बात करें

जब मन भारी हो, तो अपने विचारों को किसी करीबी दोस्त या परिवार के सदस्य से साझा करें। बातचीत न केवल मन को हल्का करती है, बल्कि नई दृष्टिकोण भी प्रदान करती है। दोस्तों के साथ हल्की-फुल्की बातें तनाव को कम करती हैं।



# आपके घर में भी तो नहीं आ रही है नकली चीनी, इन तरीकों से करें इसकी पहचान

आप सभी के घर की रसोई में चीनी का डिब्बा जरूर होगा। जिसका इस्तेमाल हम सुबह शाम, चाय,कॉफी हलवा आदि बनाने के लिए करते ही हैं। ऐसे में आपको सुनकर हैरानी होगी हमारी डिशेज में मिठास घोलने वाली यह सफेद रंग की चमकदार चीनी भी नकली बिक रही है। कहीं आपके घर में तो नकली चीनी का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। अब आप कहेंगे कि हमें कैसे पता लगेगा। आज आपको कुछ तरीके बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप नकली और असली चीनी का पता लगा सकती हैं।

### हथेली पर रगड़कर लगाएं पता

आप यदि अपने घर में यूज होने वाली चीनी के असली और नकली होने का पता लगाना कहती हैं, तो आपको उसके लिए चीनी को हथेली पर लेकर रगड़ना है। अगर चीनी क्रिस्टल और चमकदार दिखने के साथ पाउडर नहीं बने तो वो चीनी असली है। जबकि नकली चीनी हाथ में रगड़ने पर पाउडर जैसे बन जाएगी और हल्की चिपचिपाहट छोडने लगेगी।

### पानी में डालकर करें टेस्ट

इसके अलावा आप चीनी को पानी में डालकर भी असली और नकली में फर्क कर सकती हैं। इसके लिए आपको एक गिलास में पानी लेना है और आधा चम्मच चीनी मिला देनी है। अगर चीनी पूरी तरह घुल जाती है और उसमें से अमोनिया की स्मेल नहीं आ रही है तो आपको चीनी एकदम प्योर है। नकली चीनी में हल्के ब्राउन रंग के कण रह जाते हैं। और पानी में से अमोनिया की बदबू आने लगती है।



### गर्म करके करें पहचान

असली और नकली चीनी का पता करने के लिए आप एक बर्तन में धीमी आंच पर चीनी डालकर गर्म करें। अगर चीनी कैरेमल की तरह पिघलकर ब्राउन हो जाए और उसमें से खुशबू आने लगे तो चीनी असली है। जबकि नकली चीनी बर्तन में डालते ही जलने लगेगी और उसमें से अजीब सी दुर्गंध आने लगती है।

अगर आप भी अपने घर में इस्तेमाल होने वाली चीनी के असली और नकली होने का पता करना चाहती है, तो ऊपर बताए गए इन तरीकों को एक बार जरूर आजमा कर देखें।

# रास्ते में दिख जाए अर्थी तो भूलकर भी न करें ये गलती



सड़क पर चलते हुए अचानक अर्थी दिख जाने को कुछ लोग शुभ संकेत मानते हैं और कुछ अशुभ भी, लेकिन कुछ ऐसी सामान्य गलतियां हैं, जिन्हें इस स्थिति में भूलकर भी नहीं करनी चाहिए। आइए जानते हैं कि रास्ते में अर्थी दिखने पर किन गलतियों से बचना चाहिए।

अर्थी को देखकर मुंह फेर लेना, हंसना, या किसी भी प्रकार का अनादर दिखाना अशुभ माना जाता है। यह मृतक आत्मा के प्रति असम्मान व्यक्त करता है और नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित कर सकता है।

### रास्ता काटने की गलती

चलती हुई अर्थी के सामने से निकल जाना या उसका रास्ता काटना अत्यंत अशुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह मृतक की आत्मा की शांति में बाधा डालता है और आपके कार्यों में विघ्न उत्पन्न कर सकता है।

### शोर-शराबा करना

अर्थी के पास से गुजरते समय या उसे देखते समय तेज आवाज में बात करना, गाना गाना या किसी भी प्रकार का शोर करना उचित नहीं माना जाता है। इस समय मौन रहना और शांति बनाए रखना चाहिए।

### नकारात्मक विचार रखना

अर्थी देखने के बाद नकारात्मक विचार मन में लाना या डरना नहीं चाहिए। इसे जीवन की सच्चाई के रूप में देखना चाहिए और सकारात्मक बने रहना चाहिए।

## कार्नर न्यूज

## बिना कपल को पता चले हो जाता है साइलेंट डिवोर्स

# नए सामाजिक परिवेश में तेजी से चलन बढ़ रहा साइलेंट डिवोर्स का, पता भी नहीं चलता और टूट जाते हैं पक्के रिश्ते

आइए जानते हैं साइलेंट डिवोर्स क्या होता है। साथ ही किन संकेतों से यह पता चलता है कि आप का अपने पार्टनर से मौन तलाक हो रहा है और साइलेंट तलाक के कारण क्या हो सकते हैं।

आज के दौर में जहां तलाक के मामले बढ़े हैं, वहीं तलाक के नए ट्रेंड भी अस्तित्व में आए हैं। तलाक के इन नए टर्म में ग्रे डिवोर्स, स्लीव डिवोर्स, सिल्वर डिवोर्स आदि शामिल है। वहीं भारत में इन दिनों साइलेंट डिवोर्स के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी गई है। साइलेंट डिवोर्स यानी मौन तलाक। इस तरह के तलाक में कई बार कपल को पता ही नहीं होता कि उनका रिश्ता मौन तलाक की ओर बढ़ रहा है या वह साइलेंट तलाक ले चुके हैं।

जब कपल को यह पता चलता है कि उनके बीच मौन तलाक हो चुका है तब वह कानूनी रूप से विच्छेद करते हैं। यह तलाक की कानूनी प्रक्रिया से पहले वाला चरण हो सकता है। आइए जानते हैं साइलेंट डिवोर्स क्या होता है। साथ ही किन संकेतों से यह पता चलता है कि आप का अपने पार्टनर से मौन तलाक हो रहा है और साइलेंट तलाक के कारण क्या हो सकते हैं।



### साइलेंट डिवोर्स क्या होता है?

साइलेंट डिवोर्स एक ऐसी वैवाहिक स्थिति है जिसमें पति-पत्नी कानूनी रूप से साथ होते हैं, यानी तलाक नहीं लेते, लेकिन भावनात्मक, मानसिक और संवाद के स्तर पर एक-दूसरे से पूरी तरह अलग हो जाते हैं। दोनों एक ही छत के नीचे रहते हैं, लेकिन उनके बीच न कोई भावनात्मक जुड़ाव होता है, न संवाद। उनके बीच शारीरिक तौर पर भी दूरियां आ सकती हैं। यह एक तरह का 'अदृश्य तलाक' होता है। साइलेंट डिवोर्स में आपके बीच रिश्ता तो जिंदा होता है लेकिन उसकी आत्मा और कपल के बीच का आपसी लगाव मर चुका होता है।

### साइलेंट डिवोर्स के संकेत

कहीं आपका रिश्ता साइलेंट डिवोर्स की तरफ तो नहीं बढ़ रहा, उसकी पहचान इन लक्षणों से की जा सकती है।

### बातचीत न होना

कपल के बीच आपस में जरूरी बातें भी नहीं होतीं हैं। उनके बीच संवाद ना के बराबर रह जाता है। दिनचर्या की बातें औपचारिकता मात्र रह जाती हैं।

### भावनात्मक दूरी

जब कपल एक दूसरे की भावनाओं से बेखबर रहते हैं। उनके बीच भावनात्मक तौर पर दूरियां आ जाती हैं। वह एक दूसरे के सुख-दुख में हिस्सा नहीं लेते हैं। पति और पत्नी को एक दूसरे की परेशानी, या विचार से कोई फर्क ही नहीं पड़ता है।



### शारीरिक दूरी

साइलेंट डिवोर्स में शादीशुदा जोड़ा अपने रिश्ते में स्पर्श खो देता है। साथ बैठना, एक दूसरे का हाथ थामना, गले लगाना और साथ सोने में दूरी आ जाती है। वह एक रूम तो शेयर कर सकते हैं लेकिन किसी रूममेट की तरह। उनके बीच शारीरिक तौर पर दूरी आ जाती है।

### वक्त नहीं बिताना चाहते

जब कपल एक दूसरे को वक्त नहीं देते हैं। अपने पार्टनर के साथ समय बिताने की इच्छा नहीं रखते हैं। साथ खाना खाने, बाहर जाने या छुट्टियों में साथ समय बिताने की चाह जब खत्म हो जाती है तो समझ जाएं कि वह साइलेंट डिवोर्स की राह पर हैं।

### एक-दूसरे के प्रति रुचि न होना

आमतौर पर कपल एक दूसरे के जीवन के बारे में जानना चाहते हैं। अगर उनके बीच लड़ाई -झगड़ा भी हो जाए तो भी वह यह जानने की रुचि रखते हैं कि साथी का दिन कैसे बीता, क्या किया और उनके दोस्त व संगत कैसी है। लेकिन जब उनके बीच इस तरह की सामान्य जिज्ञासाओं का अभाव हो जाए तो समझ जाइए कि उनके बीच मौन तलाक की स्थिति बन रही है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'डेडलिएस्ट कैच' फेम एक्टर जेक की शादी टूटी, बिखर गया 17 वर्षों का रिश्ता

'डेडलिएस्ट कैच' फेम स्टार जेक एंडरसन और उनकी पत्नी जेना का तलाक हो रहा है। जेक एंडरसन ने इसकी पुष्टि कर दी है। इसी के साथ 17 साल के रिलेशनशिप और 13 साल की शादीशुदा जिंदगी का अंत हो रहा है। जेक एंडरसन ने इस बात की पुष्टि की है कि वे और उनकी पत्नी जेना एंडरसन 13 साल शादीशुदा जिंदगी में साथ रहने के बाद अब अपनी शादी खत्म कर रहे हैं।



के अनुसार, यह बात इस लोकप्रिय शो के 22वें सीजन के प्रीमियर के दौरान सामने आई, जहां जेक ने अपनी निजी जिंदगी के मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की, जबकि वे अपनी प्रोफेशनल लाइफ में भी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। अलग होने के बारे में बात करते हुए जेक ने कहा, '17 साल साथ रहने और 13 साल शादीशुदा जिंदगी में बिताने के बाद जेना और मैंने अब अलग होने का फैसला कर लिया है'।

जेक ने अलग होने की वजह के बारे में भी बात की और बताया कि उनके काम की वजह से उन्हें लंबे समय तक घर से दूर रहना पड़ता था। जेक ने कहा, 'इसकी कई वजहें हैं। सबसे बड़ी वजह यह है कि मैं क्रैब फिशिंग के काम के लिए बहुत ज्यादा बाहर रहता हूं'। फिशरमैन ने एक पिता के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों और काम को लेकर अपनी चिंताओं के बारे में भी बात की। उसने आगे कहा, 'लेकिन मेरे तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिन्हें खाना चाहिए। स्कूल जाना है। डॉक्टर के पास ले जाना है और मेरे पास कोई नौकरी नहीं है'।

### टॉलीवुड

## 'कलिगनर के पीछे खड़ा बच्चा... आज उन्हीं की पार्टी पर भारी' रामू की पोस्ट से मचा बवाल

फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पुरानी तस्वीर शेयर करके तमिलनाडु की राजनीति पर नई बहस छेड़ दी है। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर की। यह तस्वीर दिवंगत डीएमके नेता एम करुणानिधि की है, जिन्हें लोग प्यार से 'कलिगनर' कहते थे। यह तस्वीर एक पुराने कार्यक्रम की बताई जा रही है, जहां उद्घाटन के दौरान कलिगनर बीच में खड़े नजर आते हैं और उनके आसपास कई लोग मौजूद हैं। इस फोटो में और भी एक शख्स है, जिसकी वजह से ये चर्चाओं में आ गई है।



राम गोपाल द्वारा पोस्ट की गई इस फोटो में उनके पीछे विजय नजर आ रहे हैं, जो काफी छोटे दिखाई दे रहे हैं। साथ में विजय के माता-पिता एस ए चंद्रशेखर और शोभा चंद्रशेखर भी दिखाई दे रहे हैं। ये तस्वीर तब फिर से चर्चा में आ गई, जब विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने डीएमके को बड़े अंतर से हराकर पहली बार तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया। इस तस्वीर को पोस्ट करते हुए राम गोपाल वर्मा ने लिखा, 'कलिगनर ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि उनके पीछे खड़ा बच्चा एक दिन उनकी पार्टी को हरा देगा।' उनकी इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर काफी बहस शुरू हो गई। कुछ लोगों ने इसे तमिलनाडु की बदलती राजनीति का बड़ा संकेत बताया, जबकि कुछ ने इसे बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बात कहा। बता दें कि विजय की पार्टी टीवीके ने डीएमके को बड़े अंतर से हराकर पहली बार तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है।

### भोजपुरी

## पवन का गाना 'चदरिये में' उसी दिन रिलीज हुआ जिस दिन पत्नी से तलाक की थी सुनवाई

पावर स्टार पवन सिंह को जिस दिन पत्नी ज्योति सिंह के साथ तलाक की सुनवाई में कोर्ट पहुंचना था, उसी दिन उनका ये गाना 'चदरिये में' रिलीज हुआ। इस गाने में पवन सिंह रोमांटिक अवतार में नजर आ रहे हैं। वहीं पवन सिंह की पत्नी ज्योति ने हाल ही में बताया है कि उन्हें कैसी लड़कियां पसंद हैं।



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में के पावर स्टार पवन सिंह इन दिनों जहां एक तरफ अपनी वाइफ ज्योति सिंह के साथ तलाक के मामले को लेकर सुर्खियों में हैं, वहीं दूसरी तरफ उनका एक गाना इंटरनेट पर धमाका कर रहा। हाल ही में रिलीज इस गाने ' चदरिये में' को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं।

भोजपुरी सिनेमा के नंबर 1 स्टार माने जानेवाले पवन सिंह के साथ इस गाने में अपडेटेड बिहारन नजर आ रही हैं। पवन के साथ उनकी जोड़ी कातिलाना दिख रही है। इस रोमांटिक गाने में पवन सिंह एक्ट्रेस के साथ आशिकी फरमाते दिख रगहे हैं। इस गाने में सिंगर उनसे सज-धज कर रहने के लिए कहते हैं। 'चादरिये में' गाने में पवन सिंह और शिवानी सिंह ने अपनी खूबसूरत आवाज दी है और म्यूजिक सरगम आकाश ने दिया है। इस गाने के लिरिक्स कुन्दन प्रीत और निर्देशक बिभांशु तिवारी के हैंग्र वहीं गाने में गोल्डी जयसवाल और सोनी सोनकर की कोरियोग्राफी है। इसे प्रड्यूसर किया है राज जयसवाल ने। इस गाने को अब तक 1523111 व्यूज़ मिल चुके हैं। वहीं इसपर करीब 9181




फैशन की दुनिया में 'मिनिमल बनाम मैक्सिमलिस्ट' स्टाइल की बहस आज भी जारी है। हालांकि इस मौसम के रंगों के ट्रेंड इन बहसों पर विराम लगा सकते हैं—कम से कम एक सीज़न के लिए तो ज़रूर। डिजाइनर क्लेन ब्लू के लिए एक 'प्रेम पत्र' से लेकर मॉडल ब्रैट ग्रीन के लिए एक नए 'सिस्टर शेड' तक—पिछले फ़ैशन महीने में पेश की गई रंगों की यह रेंज, शांत और सादगी भरी अमीरी के दौर की नुमाइश करती है। इस बार का मुख्य मंत्र चमकीले और गहरे रंग के साथ 'हाई सैचुरेशन' रहा।

## तरबूज का फेसमास्क गर्मियों में स्किन को रखेगा खिला-खिला

गर्मियों के मौसम में यदि आप भी अपनी स्किन को ग्लोइंग देखना चाहती हैं, तो एक्सपर्ट के बताए होममेड तरबूज के फेस मास्क को जरूर ट्राई करें। जिस तरह तरबूज के सेवन से गर्मियों में पेट ठंडा रहता है। ठीक उसी तरह इसका त्वचा पर इस्तेमाल करने से स्किन ग्लो करने लगती है और फेस पर ठंडक की वजह से पिंपल्स और मुंहासे भी नहीं होते हैं। इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट कुशाग्री व्यास बता रही हैं कि तरबूज के फेस पैक में किन दो चीजों को मिलाकर लगाया जा सकता है। जिससे आपकी त्वचा भी गर्मियों में खिली-खिली रहे।

इसके लिए आपको तरबूज का छिलका और बीज हटाकर उसका पल्प निकाल लेना है। अब आप इसमें एक चम्मच शहद डालकर मिक्स करें। फिर आपको इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन डालकर अच्छी तरह मिला लेना है। अब आप इस तरबूज के फेस मास्क को रगड़ते हुए अपने फेस पर अप्लाई करें। अच्छी तरह सूख जाने के बाद आप फेस को नार्मल पानी से वॉश कर लें।

इसके बाद फेस पर गुलाब जल लगाएं। इस फेस पैक से आपकी गर्मियों में तेज धूप की वजह से झुलस चुकी त्वचा या सनबर्न आदि में राहत मिलती है। इससे आपकी स्किन ग्लोइंग बनने के साथ उसपर फुंसी-दाने आदि भी नही निकलते हैं। आप तरबूज के इस फेस पैक को हफ्ते में एक बार फेस पर लगा सकती हैं।

तरबूज का फेसमास्क गर्मियों में स्किन को हाइड्रेटेड, चमकदार और खिला-खिला रखने के लिए एक प्राकृतिक और असरदार उपाय है। इसमें 90% से अधिक पानी, विटामिन ए, सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो टैनिंग, सनबर्न और मुंहासों को कम करते हैं। आप इसे शहद, दही या खीरे के साथ मिलाकर आसानी से घर पर बना सकते हैं।




### तरबूज फेसमास्क के प्रमुख फायदे

तरबूज त्वचा को नमी प्रदान करता है, जिससे गर्मी में भी त्वचा फ्रेश रहती है। यह सन टैन को कम करने और त्वचा को शांत करने में मदद करता है। विटामिन सी दाग-धब्बों को कम करता है और त्वचा की रंगत निखारता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। तर परिणाम के लिए, इस मास्क का उपयोग सप्ताह में 1-2 बार करें। चेहरे पर लगाने से पहले उसे अच्छी तरह धो लें। यह फेस पैक गर्मियों में स्किन को फ्रेश रखने का एक बेहतरीन उपाय है।

## बनवाएं स्टाइलिश कुर्ती स्लीव्स डिजाइन, नहीं होगा गर्मी का एहसास



गर्मियों के मौसम में निकलने वाली तेज धूप की वजह से अक्सर हम स्टाइल को भूल जाते हैं और ऐसे कपड़ों की तलाश करने लगते हैं। जिसको पहनने के बाद हमें कम्फर्टेबल फील हो। दरअसल समर सीजन में हमें कपड़े के फैब्रिक से लेकर डिजाइन और कैरी करने का स्टाइल सब कुछ ध्यान में रखना पड़ता है ताकि लुक गॉर्जियस नजर आए। अधिकतर लोग गर्मियों में वेस्टर्न से ज्यादा इंडियन लुक को पसंद करते हैं। इस सीजन में ढीली-ढीली कॉटन की कुर्तियां और सूट लड़कियों की पहली पसंद रहते हैं। इनको पहनने के बाद आप घंटों काम और घूम फिर सकती हैं। साथ ही, आपका फैशनेबल लुक भी बरकरार रहता है।





ऐसे में कुर्ती के साथ यदि उसकी स्लीव्स का डिजाइन यूनिक नहीं होता है, तो लुक मॉडर्न नहीं लगता है। ऐसे में यदि आप कुर्ती में भी अपने लुक को क्लासी टच देना चाहती हैं तो आपके लिए कुछ अट्रैक्टिव और ट्रेंडी स्लीव्स के खास डिजाइन्स हैं। जिनको आप कुर्तियों में अपने टेलर से गर्मी के मौसम में बनवा सकती हैं। यह डिजाइन आपको कंफर्ट के साथ स्मार्ट लुक भी देंगे। आइए देखें लेटेस्ट कुर्ती स्लीव्स डिजाइन्स।

अम्ब्रेला विद कट स्लीव्स डिजाइन

गर्मियों में थोड़े लूज फिटिंग के कपड़े पहनना ज्यादा पसंद किया जाता है। ताकि पसीना ज्यादा न आए और आरामदायक महसूस करें। ऐसे में आप अपनी कुर्ती या सूट की स्लीव्स डिजाइन को अंब्रेला कट के साथ ऐसा कट डिजाइन बनवा सकती हैं। इस हेक्सागॉन डिजाइन के बीच में आप गोल्डन या व्हाइट कलर के मोती लगवा सकती हैं। यह डिजाइन काफी स्टाइलिश लुक देगा।


एल्बो लेंथ विद फ्रिल स्लीव्स डिजाइन

आप अपने कुर्ते की स्लीव्स को इस तरह से एल्बो लेंथ के साथ बनवाकर नीचे की ओर कपड़े की फ्रिल लगवा सकती हैं। यह डिजाइन काफी यूनिक और क्लासी लगता है।

## काले होंठों को गुलाबी करने उपाय आपकी रसोई में मौजूद

काले होंठ दिखने में काफी खराब लगते हैं। इसकी वजह से हम जब भी कोई लिपस्टिक या लिप बाम लगाते हैं, तो वो चेहरे पर अलग से नजर आते हैं। इसका कारण बॉडी में होने वाले चेंज भी हो सकते हैं। साथ ही, बदलते मौसम की वजह से भी होंठ खराब नजर आते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप जिस तरह से अपने चेहरे की स्किन का ध्यान रखती हैं, वैसे ही अपने होंठो की स्किन का खास ध्यान रखें। इसके लिए आप घर पर रखे शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं।

आप चाहें तो डायरेक्ट होंठों पर शहद को लगा सकती हैं। लेकिन अगर आप इसकी स्किन को गुलाबी करना चाहती हैं, तो ऐसे में आपको शहद और चुकंदर का इस्तेमाल करना होगा। इसके लिए आपको एक कटोरी में 2 चम्मच शहद लेना है। इसे चुकंदर में लगाकर अपने होंठों पर रब करना है।इसे करीब 10 से 15 मिनट के लिए हल्के हाथों से रब करें। इसके बाद होंठों को साफ करके लिप बाम लगा लें। इस तरीके को रोजाना करने से आपके होंठों की स्किन साफ हो जाएगी।



शहद को होंठों पर लगाने से क्या होता है। शहद को होंठों पर लगाने से आपकी डेड स्किन साफ हो जाती है। जब आप इसे रेगुलर इस्तेमाल करते हैं, तो होंठ गुलाबी नजर आते हैं।शहद आप चाहें तो चीनी की तरह लगाएं। आपके होंठों को गुलाबी पन बना रहेगा।

इस तरह से आप अपने होंठों पर शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके होंठ साफ नजर आएंगे। साथ ही, कुछ ही समय में मुलायम भी हो जाएंगे। बस आपको सही तरीके से इसे अप्लाई करना है। आप चाहें तो इसे लगाने से पहले एक्सपर्ट राय भी ले सकती हैं।

## बालों में क्लेचर के बजाय लगाएं हेयर एक्सेसरीज, दिखेंगी खूबसूरत

अगर आप भी भीड़ से हटके दिखना चाहती हैं और अपने बालों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने ऑफिस या कॉलेज में इस तरह की खूबसूरत हेयर एक्सेसरीज को ट्राई कर सकती हैं। महिलाएं अपने बालों को सुंदर, लंबा और घना बनाने की काफी कोशिश करती है। यही नहीं अपने बाल अट्रैक्टिव दिखे इसलिए वे कई अलग अलग तरह के क्लेचर का भी इस्तेमाल करती हैं, लेकिन अगर आप भी भीड़ से हटके दिखना चाहती हैं और अपने बालों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने ऑफिस या कॉलेज में इस तरह की खूबसूरत हेयर एक्सेसरीज को ट्राई कर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। आइए जानते हैं इन एक्सेसरीज के बारे में।

### सफेद क्रिस्टल स्टडेड फ्रेंच बाराटे हेयर क्लिप

अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक है, जो अपने बालों को खूबसूरत बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं, तो अब आप अपने बालों में इस खूबसूरत गोल्ड टोन्ड बो डिज़ाइन सफेद क्रिस्टल स्टडेड फ्रेंच बाराटे हेयर



क्लिप का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे अपने बालों में लगा कर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। इस तरह के क्लिप को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### अलिगटर हेयर क्लिप

अगर आपके घर में या आपकी दोस्त के यहां कोई फंक्शन है और आप वहां अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरना चाहती हैं, तो अब आप उस फंक्शन के दौरान अपने बालों को खूबसूरत बना सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### फैशन के दौर में स्टाइलिश बियर्ड रखने पर नजरें नहीं हटेंगी आपसे

## स्क्वायर फेस वालों के लिए बियर्ड स्टाइल होनी चाहिए सबसे अलग, मिलेगा स्टाइलिश लुक

अक्सर मेहनत से दाढ़ी बढ़ाने के बाद ये अहसास होता है कि, ये बियर्ड स्टाइल तो चेहरे पर सूट ही नहीं कर रही है। जबकि फलां फिल्म स्टार या क्रिकेटर ने ऐसी बियर्ड रखी थी, उस पर तो बहुत अच्छी लग रही थी। ऐसा होने के पीछे की वजह एक बेसिक की अनदेखी है। आपने बियर्ड रखने के लिए स्टाइल को तो देखा लेकिन चेहरे के शेप पर ठीक से ध्यान नहीं दिया। बियर्ड के सही दिखने का फैक्टर कई बातों पर निर्भर करता है।

इन फैक्टर्स में बालों की मोटाई, घनत्व और लंबाई के साथ ही चेहरे का आकार भी निर्भर करता है। जैसे, लंबे चेहरे वाले लोगों के चेहरे पर जो बियर्ड सूट करती है जरूरी नहीं है कि, वो गोल चेहरे वालों पर भी सूट करे।

इसलिए, दाढ़ी के स्टाइल पर भी थोड़ी रिसर्च करनी जरूरी है। शानदार बियर्ड स्टाइल न सिर्फ आपको स्टाइलिश लुक देगा बल्कि जॉ लाइन को उभारने में भी मदद कर सकता है।



### स्क्वायर फेस शेप

स्क्वायर फेस शेप की सबसे बड़ी खूबी उनकी जॉ लाइन में छिपी होती है। स्क्वायर फेस या चौकोर चेहरे वालों में माथे, गाल की हड्डियां और जबड़े की हड्डियां समान चौड़ाई की होती हैं। लेकिन जबड़े के एंगल्स शार्प हो सकते हैं। स्क्वायर फेस शेप वाले अक्सर दिखने में राउंड फेस या गोल चेहरे वालों की तरह ही दिखते हैं। लेकिन, ये जॉ लाइन ही है जो दोनों को एक-दूसरे से अलग करती है। स्क्वायर फेस कट वाले लोगों के चेहरे में कर्व या मोड़ बहुत कम होते हैं। स्क्वायर फेस शेप वालों के लिए बियर्ड स्टाइल:

### द क्लासिक फ्रेंच कट/सर्किल बियर्ड

द क्लासिक फ्रेंच कट शानदार और क्लासिक बियर्ड स्टाइल है। ये बियर्ड स्टाइल मेंटेन करने में भी बहुत आसान होती है। भले ही आप नए बियर्ड लवर हैं या फिर चाहें पहली बार बियर्ड मेंटेन करने जा रहे हों। अगर आप एक्सपर्ट बियर्ड मैन हैं तो ये बियर्ड स्टाइल बढ़ाना आपके लिए मजेदार अनुभव होगा। ये आपके गाल की हड्डियों के पास कवर देता है। जबकि ये आपकी ठोडी पर मौजूद बालों के लिए जरूरी वॉल्यूम देने में भी मदद करती है। ये बेहतरीन बियर्ड स्टाइल है जो स्क्वायर फेस शेप वाले आसानी से मेंटेन कर सकते हैं। सर्किल बियर्ड असल में खुद कोई बियर्ड स्टाइल नहीं है। बल्कि ये एक लुक है जो बियर्ड और मुस्टैच से मिलकर बनता है। सर्किल बियर्ड में गोटी और मुस्टैच मिलकर एक फुल सर्किल बनाते हैं।

